# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025


## उपग्रह आधारित टोल प्रणाली नहीं होगी लागू

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि एक मई से देशभर में उपग्रह आधारित टोल प्रणाली लागू करने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मंत्रालय ने मीडिया में आ रही उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि एक मई 2025 से उपग्रह आधारित टोल प्रणाली शुरू की जाएगी।






### ओडिशा का कारोबारी ठगी का आरोपी बताया जा रहा

## पंडरी से कारोबारी के अपहरण का हल्ला, मची रही सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी इलाके में ओडिशा के एक कारोबारी के कथित तौर पर अपहरण होने की खबर से पुलिस सकते में आ गई। शुक्रवार रात एक कारोबारी पंडरी स्थित श्री शिवम से खरीदी कर निकला था। इसी दौरान तीन व्यक्ति कार से उतरे और कारोबारी के जबरन अपने साथ कार में बैठाकर तेजी से निकल गए। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को लगा कि अपहरणकर्ता कारोबारी का अपहरण कर ले गए हैं। बाद में सूचना आई कि कारोबारी को पुलिस वाले ले गए है। अपहरण की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस के तमाम बड़े अफसर मौके पर पहुंच गए।

ओडिशा के कारोबारी गोविंद अग्रवाल के अपहरण होने की जानकारी पुलिस को मिली। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने जिस कार से कारोबारी को लेकर ले गए, सीसीटीवी के माध्यम से उस कार के नंबर की जानकारी हासिल कर सरहदी जिलों के पुलिस को अलर्ट ▶▶ शेष पेज 7 पर



### रायपुर पुलिस का ये है कहना

*कारोबारी के अपहरण को लेकर क्राइम डीएसपी संजय सिंह से संपर्क किया गया तो उनका कहना है कि कुछ लोग कारोबारी को जबरन अपने कार में बैठाकर ले गए थे, जिसे महासमुंद पुलिस ने रेस्क्यू किया। ओडिशा पुलिस द्वारा कारोबारी को गिरफ्तार कर ले जाए जाने के सवाल पर पुलिस अफसर ने कारोबारी को किसी सिविलियंस द्वारा उठाया गया है या ओडिशा पुलिस द्वारा, इस बात की तस्दीक करने की बात कही।*

### बगैर सूचना दिए कैसे उठा सकती है पुलिस

*किसी आरोपी को दूसरे राज्य में गिरफ्तार करने से पहले स्थानीय पुलिस को जानकारी देनी होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि ओडिशा पुलिस रायपुर पुलिस को किसी तरह की सूचना दिए बगैर कैसे अपने साथ ले जा सकती है। इस संबंध में अफसर कुछ भी बोलने से इंकार करते हुए मामले की पड़ताल करने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं।*

# नक्सलियों ने शांतिवार्ता के लिए सरकार से मांगा एक महीने का युद्ध विराम

## माड़ और नुआपाड़ा डिविजन के नक्सल दंपति समेत 22 ने किया समर्पण

### शांतिवार्ता के लिए पहल करने के लिए डिप्टी सीएम को दिया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सलियों की ओर से शांतिवार्ता को लेकर शुक्रवार को पांचवा पर्चा जारी किया गया है। उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो के प्रभारी रुपेश ने सरकार के नाम एक पत्र जारी कर एक महीने के युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है। रुपेश ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि मेरे पहले बयान पर जिस तरह उप मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रतिक्रिया दी और सुरक्षा की गारंटी के साथ इस पहल को आगे बढ़ाने की अनुमति दी, वह सराहनीय है। हम संगठन की ओर से उन्हें धन्यवाद देते हैं। अपने संगठन की ओर से शांति वार्ता के प्रतिनिधियों को तय करने के लिए शीर्ष नेतृत्व से मिलने की आवश्यकता बताई है और इसी कारण एक महीने तक सशस्त्र बलों के ऑपरेशनों पर पूर्ण विराम की मांग की है।



### तीखी प्रतिक्रियाओं पर इस वक्त कोई जवाब नहीं देंगे

पत्र में यह भी लिखा कि भाजपा और कांग्रेस नेताओं द्वारा शांतिवार्ता पर उनके दिए गए तीखी प्रतिक्रियाओं पर कहा कि वह इस वक्त कोई जवाब नहीं देंगे, क्योंकि उनका पूरा ध्यान फिलहाल शांति प्रक्रिया पर है। लेकिन उसने यह भी कहा कि वे सब कुछ याद रखे हुए हैं और समय आने पर इसका भी जवाब देंगे। वार्ता के लिए हमारे तरफ से प्रतिनिधित्व के लिए नेतृत्वकारी कामरेडों से मिलना जरूरी है, इसलिए सरकार से मेरी अपील है एक महीने तक सशस्त्र बलों के ऑपरेशन पर रोक लगाया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/कोंटा

माड़ व नुआपाड़ा डिवीजन में सक्रिय 22 नक्सली शुक्रवार को सुकमा में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 7 महिला भी शामिल हैं, जिन पर 23 लाख का ईनाम घोषित था। समर्पित नक्सली कई संगीन घटनाओं में शामिल थे। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि शासन के नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को 1 करोड़ रुपए विकास कार्य के लिए बतौर प्रोत्साहन देने की योजना है। इस अभियान के तहत 22 नक्सलियों ने समर्पण किया है।

आत्म समर्पित नक्सलियों में एक महिला व एक पुरुष नक्सली पर 8-8 लाख रुपए तथा एक एक महिला व पुरुष नक्सलियों पर 5-5 लाख तथा 2 पुरुष व 5 महिला नक्सलियों पर 2-2 लाख रूपए का ईनाम घोषित था। सभी नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के उद्देश्य से शुक्रवार को एसपी दफ्तर में डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित, एसपी किरण ▶▶ शेष पेज 7 पर

### शाह ने किया मुख्यधारा में लौटने का आह्वान

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी भूमिगत नक्सलियों से यथाशीघ्र आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, छिपे हुए नक्सलियों से मेरी अपील है कि मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों।






जिला कोर्ट ने जाति प्रमाण पत्र और चुनाव में तय लिमिट से अधिक खर्च करने के मामले में महापौर एल. पद्मजा उर्फ पूजा विधानी को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने कलेक्टर अवनीश शरण, चुनाव ऑब्जर्वर विनीत नंदनवार, अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी, निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के साथ ही 6 अन्य महापौर प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने पूजा विधानी पर फर्जी जाति प्रमाण लगाने का आरोप लगाया है।

## बिलासपुर महापौर की जाति-खर्चे पर फंसा पेच, कलेक्टर, चुनाव ऑब्जर्वर सहित 11 से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

■ महापौर विधानी के जाति प्रमाण पत्र और चुनाव में तय लिमिट से अधिक खर्च करने का मामला







दरअसल, नगर निगम चुनाव में भाजपा ने महापौर पद के लिए पूजा विधानी को उम्मीदवार बनाया था। इस दौरान उनकी जाति प्रमाण पत्र को लेकर कांग्रेस की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई। साथ ही चुनाव में 25 लाख खर्च करने की लिमिट थी, लेकिन आरोप है कि पूजा विधानी ने ज्यादा खर्च किए हैं। इसे लेकर कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने जिला कोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में कहा गया कि चुनाव के दौरान नियमों की अवहेलना की गई है। चुनाव के नियमों के अनुसार समयावधि में निराकरण करना था, लेकिन अधिकारियों ने निराकरण नहीं किया। चुनाव अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया जारी रख प्रतिवादी के निर्वाचित होने में भूमिका अदा की। याचिका में महापौर श्रीमती विधानी के निर्वाचन को शून्य घोषित करने, अधिकारियों पर कार्रवाई करने और याचिका से संबंधित खर्च की मांग की गई है।

### हाईकोर्ट भी पहुंचा था मामला

ज्ञात हो कि बिलासपुर महापौर श्रीमती विधानी की जाति का विवाद हाईकोर्ट भी पहुंचा था। बसपा के उम्मीदवार ने रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा जाति प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया जारी होने और छानबीन समिति का मामला बताते हुए याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले इस जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताने के आरोप को रिटर्निंग ऑफिसर आरए कुरुवंशी ने खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि, जाति का मामला छानबीन समिति का है।

## खबर संक्षेप

### बाइक-कार में टक्कर दो ग्रामीणों की मौत



**कोंटा।** कोंटा की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के फंदीगुड़ा व चिकवारगुडा गांव के मध्य चारपहिया वाहन और बाइक की जबरदस्त टक्कर में 2 ग्रामीणों की मौत हो गई । हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही एक ग्रामीण की मौत हो गई और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और घायल ग्रामीण को कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल ग्रामीण ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया । बाइक क्रमांक सीजीटीएस 28 के 5165 में सवार दो ग्रामीण रव्वा भीमा पिता भीमा ग्राम बडेसेट्टी थाना फूलबगड़ी तथा मड़कम हड़मा पिता गंगा एतराजपाड़ थाना भेज्जी ने सामने से आने वाली चार चक्का वाहन सीजी 27 एच 2050 से हुई टक्कर में मौत हो गई।

### फांसी पर झूलता मिला व्यवसायी का शव

**अंबिकापुर।** शहर के होटल के



एक कमरे में सीतापुर निवासी व्यवसायी का शव शुक्रवार की सुबह फांसी से लटका मिला। बताया जा रहा है कि मूलतः सीतापुर पुरानी बस्ती निवासी 32 वर्षीय मनीष कुमार गुप्ता आ. ईश्वर गुप्ता विगत तीन वर्षों से शहर के कन्या परिसर रोड में रहकर कपड़े का व्यवसाय कर रहे थे। मनीष कुमार गुप्ता की कपड़े की दुकान संचालित है। 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे व्यवसायी मनीष गुप्ता घर से निकले थे। देर शाम जब पति घर नहीं पहुंचे तो पत्नी ने फोन लगाना शुरू किया था। लेकिन ना ही मनीष गुप्ता ने फोन उठाया और ना ही मैसेज का जवाब दिया। ऐसे में मनीष गुप्ता की पत्नी ने अपने भाई को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद संजय साहू ने अपने स्तर पर पता करने के बाद रात को 11.30 बजे थाने में जाकर सूचना दी। शुक्रवार की सुबह जब वे थाने पहुंचे तो दस मिनट बाद उन्हें सूचना मिली कि मनीष गुप्ता ने होटल के कमरे में आत्महत्या कर ली है।

### शराब पीकर स्कूल पहुंचा सहायक शिक्षक निलंबित

**महासमुंद।** शराब पीकर स्कूल पहुंचे सहायक शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। महासमुंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त पत्र के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला रामाडबरी में पदस्थ सुरेंद्र कुमार भाठिया के विगत 17 मार्च को शराब सेवन कर शाला में उपस्थित होने की सूचना मिली। चिकित्सीय मुलाहिजा में शराब सेवन करने की पुष्टि हुई। जिसके बाद संबंधित से बीईओ द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया। लेकिन, असंतोषप्रद जवाब प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम (वर्गीकरण, नियंत्रण, तथा अपील) 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी होगा तथा इस दौरान संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

**कार्रवाई**

नान घोटाले में गवाहों को प्रभावित करने के मामले में सीबीआई की एंट्री

## सीबीआई ने टूटेजा, आलोक, सतीश के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व में हुए नान घोटाला मामले में गवाहों को प्रभावित करने ईओडब्लू द्वारा दर्ज अपराध के आधार पर बुधवार को सीबीआई ने नए सिरे से अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। सीबीआई ने जेल में बंद सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टूटेजा, आलोक शुक्ला तथा पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 182, 211, 193, 195ए, 166ए, 120बी तथा 7, 7(ए), 8, 13(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

■ एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई ने शुक्रवार को अनिल टूटेजा के ठिकानों पर की छापे की कार्रवाई

वर्ष 2015 में हुए नान घोटाला में गवाहों को प्रभावित करने आपराधिक षड़यंत्र रचने के आरोप में पांच माह पूर्व चार नवंबर को ईओडब्लू ने अनिल टूटेजा, आलोक शुक्ला और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि तीनों ने अपने पद तथा प्रभाव का दुरुपयोग कर गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास किया है। इसी मामले में पूर्व में 2019 में ईडी ने भी केस दर्ज किया है।

### पॉवर का बेजा इस्तेमाल करने का आरोप

ईओडब्लू ने जो अपराध दर्ज किया है, उसके मुताबिक दोनों पूर्व आईएएस वर्ष 2018 के बाद शासन में महत्वपूर्ण पदाधिकारी बन गए थे और यह सरकार के सबसे शक्तिशाली अधिकारी के रूप में थे। सभी महत्वपूर्ण पदों पर पोस्टिंग और ट्रांसफर में इनका सीधा हस्तक्षेप था। एक तरह से कहा जाए कि छत्तीसगढ़ सरकार की सारी ब्यूरोक्रेसी इनके नियंत्रण में थी, जिसके कारण राज्य सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थ अधिकारियों पर इनका नियंत्रण था। पद का दुरुपयोग करते हुए इन पर गवाहों को प्रभावित करने का आरोप है।



### सीबीआई ने की छापे की कार्रवाई

नान घोटाला मामले में गवाहों को प्रभावित करने के मामले में अपराध दर्ज करने के बाद सीबीआई की आधा दर्जन टीम अनिल टूटेजा के अलग-अलग ठिकानों में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। छापे की कार्रवाई में क्या मिला है, इसका सीबीआई ने अब तक अधिकारिक रूप से कोई बयान जारी नहीं किया है। छापे की कार्रवाई को देखते हुए सीबीआई आने वाले दिनों में अन्य लोगों के यहां दबिश दे सकती है।

### गवाहों को प्रभावित करने का मामला वाट्सएप चैट से खुला

डॉ. आलोक शुक्ला और अनिल टूटेजा ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए तत्कालीन महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा से असम्यक लाभ लिया। इस बात का खुलासा तीनों के बीच हुए कोड वर्ड में एक दूसरे को किए गए वाट्सएप चैट सामने आने के बाद हुआ। डॉ. शुक्ला तथा टूटेजा का मकसद था कि सतीशचंद्र वर्मा को लोक कर्तव्य को गलत तरीके से करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए सरकारी कामकाज में गड़बड़ी कर सके।

इसके बाद, सभी मिलकर एक आपराधिक षड्यंत्र में शामिल हुए और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में काम करने वाले उच्चाधिकारियों से प्रक्रियात्मक दस्तावेज और विभागीय जानकारी में बदलाव करवाया। इन बदलावों का मुख्य उद्देश्य था नागरिक आपूर्ति निगम के खिलाफ दर्ज एक मामले में अपराध क्रमांक 09/2015 में अपने पक्ष में जवाब तैयार करना, ताकि हाईकोर्ट में वे अपना पक्ष मजबूती से रख सकें और उन्हें अग्रिम जमानत मिल सके।

**आपराधिक मामला दर्ज हो : परिजन**

## बच्ची का शव थाने में रखकर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

शहर के प्रेमाबाग क्षेत्र में दर्दनाक हादसे के बाद शुक्रवार की सुबह आक्रोशित परिजन ने सिटी कोतवाली थाना परिसर में बच्ची का शव रखकर जमकर प्रदर्शन किया। परिजन की मांग थी कि स्कॉर्पियो चला रहे नौसिखिए चालक पर गंभीर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने परिजन को समझाइश दी और कार्रवाई का आश्वासन दिया। मासूम का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया। पूरे प्रेमाबाग मोहल्ले में मातम पसरा रहा। विदित हो कि घटना 17 अप्रैल सुबह प्रेमाबाग स्थित बाबू कॉलोनी की है, जहां सुनील विश्वकर्मा की भांजी हिमांशी विश्वकर्मा पिता बहादुर विश्वकर्मा उम्र 8 वर्ष बाउंड्री के अंदर खेल रही थी। स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 2859 में नौसिखिया आरोपी चालक आयुष पैकरा पिता रामअवतार पैकरा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सत्तीपारा ने जबरजस्त ठोकर मार दी। बालिका की दर्दनाक मौत हो गई।

### डीएसपी के आश्वासन पर शांत हुए परिजन

हादसे के बाद परिजन और मोहल्ले के लोगों में आक्रोश था। शुक्रवार की सुबह परिजन बच्ची के शव को लेकर सिटी कोतवाली पहुंचे। आरोपी पर गैर इरादतन हत्या जैसी धाराओं में कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देने बैठ गए। डीएसपी राजेश साहू, कोतवाली प्रभारी विपिन लकड़ा ने परिजन को समझाइश दी। तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

**ईओडब्लू ने जिग्नेश पटेल को हिरासत में लिया है**

## डीएमएफ फंड घोटाला, भोपाल का बिचौलिया ईओडब्लू की हिरासत में, पूछताछ जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीएमएफ फंड घोटाला मामले में ईओडब्लू के अफसरों ने शुक्रवार को कनाडा के पूर्व नागरिक मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी जिग्नेश पटेल उर्फ निकुल भाई को पूछताछ करने हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है, जिग्नेश निलंबित आईएएस रानू साहू का करीबी था। जिग्नेश पर डीएमफ घोटाला मामले में बिचौलिया के रूप में काम करने का आरोप है। जिग्नेश के इशारों पर डीएमएफ ठेका दिए जाने की बात सामने आने पर ईओडब्लू ने उसे पूछताछ करने हिरासत में लिया है। जिग्नेश के खिलाफ उज्जैन में लोकायुक्त पुलिस द्वारा पूर्व में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है।

■ हिरासत में लिया गया बिचौलिया निलंबित आईएएस रानू साहू का करीबी बताया जा रहा

करोड़ों के डीएमएफ फंड घोटाला मामले की जांच ईडी के साथ ईओडब्लू की टीम कर रही है। डीएमएफ फंड घोटाला मामले में दोनों जांच एजेंसियों ने रानू साहू के साथ सूर्यकांत तिवारी को किंग पिन बताया है। डीएमएफ फंड घोटाला मामले में दोनों जांच एजेंसियों ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। डीएमएफ फंड घोटाला के सारे आरोपी वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं।

### नए सिरे से पूछताछ के बाद हिरासत में

सूत्रों के मुताबिक डीएमएफ फंड घोटाला मामले में ईओडब्लू के अफसरों ने पिछले दिनों रानू साहू सहित कई और अन्य लोगों से पूछताछ करने कोर्ट की अनुमति लेकर नए सिरे से पूछताछ की थी। पूछताछ के साथ पूर्व में जो दस्तावेज जब्त किए गए थे, उन दस्तावेजों में जिग्नेश पटेल के नाम का उल्लेख था। पूछताछ में जिग्नेश के रानू साहू का करीबी होने की बात सामने आने पर ईओडब्लू ने पूछताछ करने उसे हिरासत में लिया है।

### हो सकती है गिरफ्तारी

डीएमएफ फंड घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के बाहर के किसी व्यक्ति से पहली बार पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ईओडब्लू के अफसर जिग्नेश को आने वाले दिनों में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सकते हैं। पूछताछ के लिए कोर्ट में रिमांड आवेदन पेश किया जा सकता है।

### डीएमएफ ठेका दिलाने में अहम रोल

डीएमएफ ठेका दिलाने में जिग्नेश की बिचौलिया की भूमिका निभाने की बात सामने आई है। इसी आधार पर जांच एजेंसी जिग्नेश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही जांच एजेंसी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जिग्नेश का रानू के साथ किस तरह से संबंध था। जिग्नेश के कहने पर किन-किन लोगों को ठेका आबंटित किया गया और ठेका दिलाने के बदले में कितने की कमीशन खोरी की गई। इस संबंध में ईओडब्लू के अफसर जिग्नेश से पूछताछ कर रहे हैं।

**25 को प्रदेश में बड़ी कार्यशाला**

## वक्फ संशोधन बिल की जानकारी देने भाजपा जाएगी घर-घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जन जागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। भाजपा मुस्लिम समुदाय के घर-घर जाकर वक्फ संशोधन बिल की जानकारी साझा करेगी और बताएगी कि इसको लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। यह अभियान 26 अप्रैल से प्रदेश में भी प्रारंभ किया जाएगा। इसके पहले कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 25 अप्रैल को प्रदेश स्तर की बड़ी कार्यशाला होगी। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और जन जागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी दुष्यंत गौतम आएंगे, जो बताएंगे कि जन जागरण अभियान में क्या-क्या करना है। वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य सभा में पास होने के बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद अब यह कानून बन गया है।

भाजपा के महामंत्री दुष्यंत गौतम सीएम और पूरा मंत्रिमंडल भी रहेगा

## माड़ मुठभेड़ः डेरा छोड़कर भागे नक्सली, 6 लाख नकद, 11 लैपटॉप, हथियार व विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के माड़ इलाके में शुक्रवार को नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। लगभग 3 घंटे चली मुठभेड़ के बाद फोर्स को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में जवानों ने 6 लाख रुपए नकद, 11 नग लैपटॉप, 50 किलो बारूद, 20-20 लीटर पेट्रोल, 2 कुकर बम समेत भारी मात्रा में जिंदा कारतूस, इलेक्ट्रॉनिक सामान व दवाइयां बरामद की है।

■ 3 घंटे चली मुठभेड़ के बाद फोर्स को भारी पड़ता देख भागे माओवादी

आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर पुलिस कैंप पदमकोट से 4 दिन पहले डीआरजी व आईटीबीपी 41 वीं बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी। वापसी के दौरान नक्सलियों से सामना हुआ। फोर्स को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसका जवानों ने बहादुरी से मुकाबला किया। इस बीच सुरक्षा बल के जवानों को भारी पड़ता देख जंगल का आड़ लेकर नक्सली भाग खड़े हुए।



### भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद मौके पर किया नष्ट

फोर्स ने मुठभेड़ स्थल व नक्सलियों के डेरा से 6 लाख रुपए नकद के अलावा 11 लैपटॉप, 50 किलो बारूद, 30 किलो शोरा नामक पदार्थ, 20-20 लीटर पेट्रोल-डीजल, 2 कुकर बम, एसएलआर का जिंदा कारतूस 130 नग, 12 बोर का जिंदा कारतूस 25 नग, 303 रायफल का जिंदा कारतूस 18 नग, कार्डेक्स वायर 2 बंडल, बिजली वायर 10 बंडल, 1 नग नक्सली वर्दी, विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाईस, दवाईयां, टिफिन, नक्सल साहित्य, जूते सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामान मिला।

**उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी जमीन को कर रहा है प्रभावित**

## 6 वार्ड...40 हजार लोग पी रहे जहरीला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार वार्ड 41 से लेकर 46 तक औद्योगिक क्षेत्र से लगा हुआ है। इन वार्डों में केमिकलयुक्त पानी आ रहा है। जिसकी वजह से बोर का पानी भी केमिकलयुक्त हो गया है। लाल रंग का पानी बोर से निकल रहा है। दस साल से इस समस्या का समाधान न निगम ने किया और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने। नतीजा लोग इस पानी का उपयोग करने मजबूर हैं। फैक्टरियों से निकलने वाला केमिकल इन वार्डों के आसपास फैलकर बोर के जल को प्रभावित कर लिया है। लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के बजाय नोटिस देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लिया है। जिसका खामियाजा यहां की करीब 40 हजार आबादी को भुगतना पड़ रहा है। वार्ड 46 खुर्सीपार गणेश मंदिर के पास के बोर से यहां की एक बड़ी आबादी को पाइप लाइन बिछाकर उनके घरों तक पानी पहुंचाया जाता था। इस बोर से केमिकलयुक्त पानी निकला। पानी की जांच निगम की लेबोटरी ने की और इसे पीने योग्य नहीं पाया। नतीजा इसे बंद करवाना पड़ा। इसी तरह के दो बोर और हैं।



### पानी टंकी से दे रहे शुद्ध पेयजल

केमिकलयुक्त पानी को देखते हुए वहां के लोगों के लिए हमने अपने कार्यकाल में दो पानी टंकी बनवाई। एक पानी टंकी का और निर्माण करवा रहे हैं। इससे पूरे प्रभावित क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलता रहेगा।

**-देवेंद्र यादव**, विधायक भिलाईनगर

### कलेक्टर को पत्र लिखा है

खुर्सीपार एरिया में केमिकलयुक्त पानी वहां के उद्योंगों के निकलने वाले वेस्ट की वजह से है। उन पर कार्रवाई का अधिकार हमारा नहीं है। इसलिए कलेक्टर को निगम से अवगत कराते रहे हैं। हाल ही में पत्र लिखा है। इसलिए कि जब भी गर्मी प्रारंभ होती है बोर का भूजल स्तर नीचे चला जाता है। तभी बोर का पानी खराब निकलता है। बाकी समय साफ पानी बोर से आता है।

**-नीरज पाल**, महापौर

### जहां पानी दूषित वह बोर प्रतिबंधित

खुर्सीपार एरिया में पार्षदों के द्वारा हमें जानकारी मिली। हमने निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजी। सेंपल लिए और पानी पीनेयोग्य नहीं होने की स्थिति में उसे प्रतिबंधित कर दिया। वहां निगम द्वारा पाइप लाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचा रहे हैं। आगे पाइप लाइन का विस्तारीकरण करने की योजना है। जिससे सभी को शुद्ध पेयजल मिले।

**-राजीव कुमार** पांडेय, निगम आयुक्त

### सभी उद्योगों में केमिकलयुक्त वेस्ट का हो रहा निदान

खुर्सीपार औद्योगिक क्षेत्र में करीब 22 केमिकल फैक्ट्रियां हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले वेस्ट का निदान हो रहा है। नालियों में केमिकलयुक्त पानी नहीं बहाया जा रहा है। हमारी टीम इसकी जांच करती है। यदि कहीं ऐसा मिले तो उन पर कार्रवाई जरूर करेंगे।

**-अनिता सावंत**, परिक्षेत्रीय अधिकारी ,पर्यावरण नियंत्रण विभाग

रायपुर
शनिवार 19 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 23, अंक : 271
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 41.4
न्यून. 27.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# मनमानी रोकने इस बार दिल्ली की एजेंसी करेगी अंकों की एंट्री, वहीं से तैयार होंगे मार्कशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा आयोजित की गई बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों की एंट्री स्थानीय स्तर पर नहीं होगी। छात्रों ने किस विषय में कितने अंक हासिल किए हैं, इसका लेखा-जोखा दिल्ली की एक कंपनी द्वारा किया जाएगा। बीते सत्र में संस्कृत विद्यामंडलम में छात्रों को बोर्ड कक्षाओं में उत्तीर्ण कराने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी हुई थी। छात्रों को उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में पासिंग मार्क्स भी नहीं मिल सके थे। इन्हीं छात्रों को कंप्यूटर में डाटा फीडिंग के दौरान मनमाने अंक प्रदान कर उत्तीर्ण कर दिया गया था। फेल छात्रों को इतने अधिक अंक प्रदान कर दिए गए थे कि इनमें से कई मेरिट लिस्ट में पहुंच गए थे।

पिछली गड़बड़ियों से सबक लेते हुए इस बार स्थानीय स्तर पर कंप्यूटर ऑपरेटर्स से अंक नहीं भरवाने का निर्णय लिया गया है। थर्ड पार्टी द्वारा नंबर भरे जाने संबंधित कार्य किए जाएंगे। अंकसूची भी उनके द्वारा ही तैयार की जाएगी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इसके लिए दिल्ली की एक एजेंसी की मदद ली जा रही ▶▶|शेष पेज 7 पर

## पिछली गड़बड़ियों से सबक, इस बार नई प्रक्रिया अपनाई जा रही

### अपनाई गई नामांकन प्रक्रिया

संस्कृत विद्यामंडलम के अंतर्गत आयोजित नवमी से बारहवीं कक्षा तक की परीक्षा में 3 हजार 82 छात्र शामिल हुए हैं। परीक्षा फॉर्म भरवाने के साथ ही इन छात्रों की नामांकन प्रक्रिया भी विद्यामंडलम द्वारा पूर्ण की गई, ताकि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की पूर्व कक्षाओं की जानकारी उपलब्ध रहे। कोई भी छात्र नियमविरूद्ध परीक्षा में शामिल ना हो सके, इसके लिए उनकी पात्रता नामांकन प्रक्रिया के दौरान जांची गई। माध्यमिक शिक्षा मंडल के तर्ज पर ही यह नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की गई।




### माशिम से पहले आ सकते हैं परिणाम

उपरोक्त बदलावों के अतिरिक्त इस बार केंद्रीय मूल्यांकन किया जा रहा है। संस्कृत विद्यामंडलम के पेंशनबाड़ा स्थित कार्यालय में ही कॉपियां जांची जा रही हैं। प्रदेशभर से 56 शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य के लिए रायपुर बुलाया गया है। इन्हें दूधाधारी मठ के अंतर्गत संचालित संस्कृत विद्यालय में रुकवाया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दूसरे चरण की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ कर दिया गया है। माशिम के परिणाम 15 मई तक घोषित किए जाएंगे। वहीं संस्कृत बोर्ड के नतीजे माशिम से पहले घोषित किए जा सकते हैं।

भारत अंतरिक्ष में रचेगा इतिहास

## इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाएंगे शुभांशु शुक्ला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत की अंतरिक्ष यात्रा में गगनयान मील का पत्थर साबित होने वाला है। इस यात्रा की समय-सीमा की घोषणा करते हुए केंद्र सरकार ने कहा है कि गगनयात्री या अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अगले महीने मई माह में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे। केंद्रीय अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने* ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मिशन में होंगे चार सदस्य

*शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट जाएंगे। एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उज़्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कॉमर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

बेंगलुरु VS पंजाब
95/9 VS 98/5
5 विकेट से जीता पंजाब
50* रन, टिम डेविड
प्लेयर ऑफ द मैच

आज के मैच
गुजरात VS दिल्ली
समय : दोपहर 3.30 बजे
राजस्थान VS लखनऊ
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### जगमोहन बने डॉक शिपबिल्डर्स के सीएमडी

**नई दिल्ली।** पूर्व नौसेना कैप्टन जगमोहन को मझगांव डॉक



शिपबिल्डर्स लिमिटेड का अध्यक्ष एवं सीएमडी नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में कॉर्पोरेट योजना, परियोजना और व्यवसाय विकास के निदेशक हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स में कैप्टन जगमोहन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार संभालने की तिथि से लेकर 30 सितंबर, 2029 को उनकी सेवानिवृत्ति तक की अवधि के लिए होगी।

### जेईई-मेन परीक्षा के दूसरे सत्र का आज जारी होगा परिणाम


**नई दिल्ली।** काफी हो हंगामे के बाद आखिरकार राष्ट्रीय टेस्टिंग



एजेंसी (एनटीए) ने जेईई-मेन 2025 परीक्षा के दूसरे सत्र का परिणाम शनिवार को जारी करने की घोषणा कर दी है। एक्स पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए एजेंसी ने बताया कि परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी 18 अप्रैल को एनटीए की वेबसाइट पर दोपहर करीब दो बजे अपलोड की जाएगी।

### पिता की बंदूक से गोली मारकर खुदकुशी

**शाहजहांपुर।** जिले में एक व्यक्ति ने पैसों की तंगी के चलते अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली है।



थाना पुवाया अंतर्गत उमरसंडा गांव में रहने वाले पवन वर्मा (45) ने आज सुबह अपने पिता की डबल बैरल लाइसेंसी बंदूक से खुद को गर्दन में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। भवरे ने परिजनों तथा ग्रामीणों से पूछताछ के हवाले से बताया कि पवन वर्मा शराब पीता था। पैसों की तंगी से काफी परेशान था क्योंकि उसके पिता का हृदय रोग का इलाज चल रहा था।

## बंगाल की खाड़ी से उठ रहा चक्रवात, 21 अप्रैल तक जोरदार बारिश का दौर!

# छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में बदला मौसम, बारिश के साथ गिरे ओले

बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान देश के मौसम को नया रंग दे रहा है। जहां उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है, वहीं पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में चक्रवाती सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जोरदार बारिश, आंधी और बिजली का दौर शुरू हो गया है। यह मौसमी बदलाव गर्मी से तप रहे इलाकों में राहत लेकर आया है, लेकिन कई क्षेत्रों में भारी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की गई है। इस बीच, शुक्रवार को रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

आईएमडी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के साथ-साथ राजस्थान, बिहार और असम में निचले और मध्यम वायुमंडलीय स्तरों पर चक्रवाती सर्कुलेशन सक्रिय है। एक ट्रफ रेखा उत्तर-पश्चिम राजस्थान से मन्नार की खाड़ी तक और दूसरी पूर्वी मध्य प्रदेश से दक्षिण असम तक फैली है। इसके अलावा, दक्षिण रायलसीमा में भी एक चक्रवाती सर्कुलेशन मौजूद है।

- हिमाचल प्रदेश में तेज रफ्तार से हवा चली, पेड़ उखड़े

पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में अगले पांच दिनों तक बिखरी हुई से लेकर व्यापक हल्की-मध्यम बारिश, गरज-चमक के साथ तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटा, कभी-कभी 60 किमी प्रति घंटा) की संभावना है। गंगा के मैदानी इलाकों में पश्चिम बंगाल, सिक्किम और बिहार में 17 और 18 अप्रैल को, जबकि अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 17, 18 और 20-23 अप्रैल के बीच भारी बारिश की चेतावनी है। गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल में 17 ▶▶|शेष पेज 7 पर

**छत्तीसगढ़ के सात जिलों में अलर्ट :** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भीषण गर्मी के बाद मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम विभाग ने 7 जिलों के लिए ऑरेंज और 7 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, शुक्रवार की शाम को कई इलाकों में मध्यम बारिश, कहीं बूंदाबांदी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका का असर दिखाई दे रहा है, जिसके चलते एक-दो स्थानों पर आंधी-तूफान और बिजली गिरने की भी संभावना है।

### कोलकाता और गुवाहाटी में भारी बारिश से कई इलाकों में भरा पानी



### आंधी बारिश से 29 की मौत

यूपी-बिहार समेत उत्तर भारत के राज्यों में गुरुवार को भारी बारिश और बिजली-आंधी देखने को मिला। यूपी में बीते 24 घंटे में 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली-आंधी से अयोध्या में 6, बाराबंकी में 5, अमेठी और बस्ती में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश में 2 और पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### आंधी बारिश से 29 की मौत

यूपी-बिहार समेत उत्तर भारत के राज्यों में गुरुवार को भारी बारिश और बिजली-आंधी देखने को मिला। यूपी में बीते 24 घंटे में 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली-आंधी से अयोध्या में 6, बाराबंकी में 5, अमेठी और बस्ती में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश में 2 और पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी

पश्चिमी ईरान के पास एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में 18 और 19 अप्रैल को भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इस दौरान गरज-चमक, बिजली और तेज हवाएं भी देखी जा सकती हैं।

### उत्तर-पश्चिम में आंधी और तेज हवाएं

पूर्वी राजस्थान में 17 अप्रैल को धूल भरी आंधी और तेज हवाएं (40-50 किमी/घंटा) संभावित हैं, जबकि पश्चिमी राजस्थान में 18 और 19 अप्रैल को धूल उड़ाने वाली तेज हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चल सकती हैं।

शव नहीं हो सका बरामद

## दुर्ग के नाबालिग खिलाड़ी ने जंगल में लगाई लाइव फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

इंस्टाग्राम में लाइव आकर बिलासपुर के जंगल मे फांसी लगाने का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। घटना 18 अप्रैल की बताई जा रही है लेकिन पुलिस को 12 घंटे बाद भी नाबालिग लड़के का शव नहीं मिल सका है।



जानकारी के अनुसार दुर्ग कुम्हारी अंतर्गत जांजगिरी का नाबालिग कबड्डी खिलाड़ी 15 अप्रैल को बिलासपुर आया था। 17 अप्रैल को उसने अपने परिजन को मैसेज कर खुदकुशी करने के बारे में बताया और बिलासपुर आकर शव ले जाने की बात कही। 18 अप्रैल को उसने सिलपहरी से सटे तोरवा क्षेत्र के जंगल में खुद को फंदा बना कर लटकने का लाइव वीडियो वायरल कर दिया। करीब 7 मिनट के वीडियो में वह फांसी में लटकता रहा। बताया जा रहा है कि परिजन तत्काल कुम्हारी थाना पहुंचे और सूचना देने के बाद बिलासपुर रवाना हुए।

### कबड्डी खेलने घर से निकला था...

नाबालिग की पहचान ग्राम जांजगिरी, कुम्हारी जिला दुर्ग के रूप में की गई है। वह घर से कबड्डी खेलने जा रहा हूं कहकर निकला था। खास बात ये है कि लाइव वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस 12 घंटे में नाबालिग की पतासाजी नहीं कर पाई है।

### जंगल में बॉडी तलाश करती रही पुलिस

वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर जिला अंतर्गत तोरवा, सिरगिट्टी, सरकंडा, थाना क्षेत्र के जंगल में बॉडी की घंटों तलाश जारी रही। उसके आखिरी लोकेशन से 10 किलोमीटर की रेंज में बॉडी की तलाश की जाती रही है। सिटी कोतवाली सीएसपी ने बताया कि जानकारी मिलने पर पतासाजी की गई है लेकिन किसी थाने में रिपोर्ट और शव बरामद होने की सूचना नही मिली है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## पूर्व सीएम जगन और डालमिया की 400 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय की हैदराबाद इकाई ने एक बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की 27.5 करोड़ रुपए की शेयर संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। इसके साथ ही, डालमिया सीमेंट्स (भारत) लिमिटेड की 377.2 करोड़ रुपए की जमीन भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ी है। यह मामला 'क्विड प्रो क्वो' निवेश से संबंधित है। डीसीबीएल का कहना है कि जब्त की गई संपत्ति की कीमत 793.3 करोड़ रुपए है। यह जब्ती ▶▶|शेष पेज 7 पर



### हुआ था ये समझौता

ईडी और सीबीआई का आरोप है कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी, ऑडिटर और पूर्व सांसद वी विजय साई रेड्डी और डीसीबीएल के पुनीत डालमिया के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत, उन्होंने रघुराम सीमेंट्स लिमिटेड में अपने शेयर एक फ्रांसीसी कंपनी पारफिसिम को 135 करोड़ रुपए में बेच दिए। इसमें से 55 करोड़ रुपए जगन को 16 मई, 2010 और 13 जून, 2011 के बीच हवाला चैनलों के माध्यम से नकद में दिए गए।

### 139 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने की थी योजना

एजेंसियों का आरोप है कि उन्हें कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि जगन की कंपनियों में हवाला चैनलों के माध्यम से 139 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने की योजना थी। इसमें से 55 करोड़ रुपए पहले ही ट्रांसफर किए जा चुके थे। एक अधिकारी ने कहा कि जब बाकी रकम को भी हवाला चैनलों के माध्यम से ट्रांसफर करने की कोशिश की जा रही थी।

सीएम साय से मिलने के बाद खत्म

## 126 दिनों बाद बर्खास्त सहायक शिक्षकों का आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। यह प्रतिनिधिमंडल 126 दिनों से लगातार आंदोलनरत था और आज की मुलाकात और चर्चा के बाद उन्होंने अपने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने शिक्षकों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि आप सब हमारे परिवार के सदस्य हैं। आपकी पीड़ा हमारी पीड़ा है। आपकी समस्याओं को समझते हुए सरकार सहानुभूति के साथ इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मामले के समाधान के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय से भेंट के बाद शिक्षकों ने सरकार की ▶▶|शेष पेज 7 पर



## एयरहोस्टेस से यौन उत्पीड़न का आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम में मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती एयर होस्टेस से आईसीयू में यौन उत्पीड़न का मामला बीते दिनों सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह मामला सामने आने के बाद अस्पताल में लगे 800 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, साथ ही वहां काम करने वाले डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य लोगों ने पूछताछ की गई। इसके बाद आरोपी की पहचान की गई। आज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अब उससे पूछताछ की जा रही है।





74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रहों का बने हिस्सा

## यूनेस्को के 'विश्व स्मृति रजिस्टर' में भगवद् गीता-नाट्यशास्त्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भगवद् गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र की पांडुलिपियां उन 74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रहों का हिस्सा हैं, जिन्हें यूनेस्को के 'विश्व स्मृति रजिस्टर' में शामिल किया गया है। यूनेस्को के अनुसार, 72 देशों और चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों की वैज्ञानिक क्रांति, इतिहास में महिलाओं के योगदान और बहुपक्षवाद की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रविष्टियां रजिस्टर में शामिल की गईं। यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में नाम दर्ज होना उस देश की दस्तावेजी धरोहर की अहमियत और इसे लोकप्रिय बनाने में अहम साबित होता है। इसके जरिए इन दस्तावेजों पर अनुसंधान, इससे जुड़ी शिक्षा, मनोरंजन और संरक्षण ▶▶|शेष पेज 7 पर







### क्या है यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर?

यूनेस्को असल में संयुक्त राष्ट्र संघ का हिस्सा है। यूनेस्को का पूरा मतलब है- यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत इसका एक मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राचीन धरोहरों का संरक्षण भी है। यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में नाम दर्ज होना उस देश की दस्तावेजी धरोहर की अहमियत और इसे लोकप्रिय बनाने में अहम साबित होता है। इसके जरिए इन दस्तावेजों पर अनुसंधान, इससे जुड़ी शिक्षा, मनोरंजन और संरक्षण पर भी समयानुसार जोर दिया जाता है।

### पीएम मोदी समेत दर्जनों हस्तियों ने जताई खुशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर संस्कृति-पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत और दर्जनों हस्तियों ने इस फैसले को लेकर खुशी जताई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भगवद् गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के 'विश्व स्मृति रजिस्टर' में शामिल किए जाने की सराहना की।

### भरत मुनि का नाट्यशास्त्र?

*उत्तराखंड यूनिवर्सिटी में नाट्यशास्त्र का जो पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है, उसके मुताबिक नट् धातु से नाट्य (ड्रामा) शब्द बना है, जिसका अर्थ होता है गिरना, नाचना। इस कला का उत्कृष्ट रूप काव्य है और उत्कृष्टतम रूप नाटक है। भरतमुनि का नाट्य शास्त्र भारत के सबसे प्राचीन ग्रंथों में से है। यह अपने विचारों के साथ साथ व्यापक विषयगत समग्रता से परिपूर्ण है। भारतीय नाट्य कला को समझने में इस ग्रंथ को सबसे ऊपर माना जाता है। यह महान ग्रंथ नाट्यकला के अलावा काव्य, संगीत, नृत्य, शिल्प और अन्य कलाओं का भी विषयवार कोष है। नाट्यशास्त्र ग्रंथ ने भारत की रंगमचीय कला को शताब्दियों से प्रभावित किया है, क्योंकि इस अकेले ग्रंथ में नाट्य विषय का पूरा विवरण है। मसलन नाट्यशास्त्र, संगीत शास्त्र, अलंकार, रस सभी को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया गया है।*



# क्या मंगल ग्रह पर छिपे हैं एलियंस? नासा के हाथ लगा 'रास्ता', हैरान कर देगी खोज


**वॉशिंगटन।** नासा अपनी खोजों के लिए दुनिया भर में पहचाना जाता है। नासा की खोज पर लोगों की नजरें टिकी रहती है। एक बार फिर नासा ने खुलासा किया है कि मंगल ग्रह पर एक बहुत बड़ा छेद पाया गया है। जिसे लेकर बताया जा रहा है कि ये रहस्यमय गड्ढा एक विशाल भूमिगत सुरंग नेटवर्क में एलियनों को छिपाकर रख सकता है। यह छेद 2017 में मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर द्वारा ली गई सैटेलाइट तस्वीर के ऊपरी-दाएं हिस्से में स्थित है और एक गोलाकार गड्ढे से घिरा हुआ है।

**वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल अरबों साल पहले पृथ्वी जैसा था**



### किया गया है शेयर

रिपोर्ट के मुताबिक 300 फुट चौड़े छेद की एक तस्वीर को अपने एस्ट्रोनॉमी पिक्चर ऑफ द डे के रूप में शेयर किया गया है। नासा ने ये भी बताया है कि इसमें कई छेद हैं, जिनमें से केवल एक को छोड़कर सभी में धूल भरी, अंधेरी, मंगल की सतह दिखाई देती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि इस तरह के छेद विशेष रूप से दिलचस्प हैं। क्योंकि, वे निचले स्तरों के द्वार हो सकते हैं जो विशाल भूमिगत गुफाओं में फैले हुए हैं।



### बनाया नक्शा

भूमिगत रहस्यों पर अमेरिका के विशेषज्ञ- यूएस जियोलॉजिकल सर्वे को इन मंगल ग्रह की गुफाओं को खोजने के लिए लाया गया था। 2019 में, यूएसजीएस एस्ट्रोजियोलॉजी साइंस सेंटर ने मंगल ग्रह पर 1,000 से अधिक संभावित गुफा प्रवेश द्वारों को प्रस्तुत करने वाला एक नक्शा बनाया। हालांकि, केंद्र के एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक ग्लेन कुशिंग ने कहा कि यह देखना असंभव है कि उनमें से कोई भी सतह के नीचे कितनी दूर तक फैला हुआ है।

### एलियंस का था ठिकाना!

इस प्रकार नासा ने नोट किया कि ये गड्ढे संभावित भविष्य के अंतरिक्ष यान, रोबोट और यहां तक कि मानव अंतरग्रहीय खोजकर्ताओं के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। जबकि अब यह जीवन के लिए प्रतिकूल है, वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल अरबों साल पहले पृथ्वी जैसा था। हालांकि धीरे-धीरे स्थितियां बदल गई। ऐसे में वैज्ञानिक अब ये पता लगाने की कोशिश में लगे हुए हैं कि क्या कभी यहां पर जीवन था। क्या कभी ये एलियंस का ठिकाना था?

## रोचक खबरें



### शादी से पहले दुल्हन ने रख दी ऐसी शर्त, धर्मसंकट में पड़ गईं सहेलियां!

जब कभी हमारे घर में शादी का कोई न्योता आता है तो इन चीजों को लेकर तैयारियां पहले से शुरू हो जाती है। वहीं, अगर किसी करीबी का शादी का कार्ड आता है तो तैयारियां और जोरों से चलती है, ताकि शादी में सबसे बेस्ट हम लगे और शादी मिस ना हो! हालांकि इन दिनों जो किस्सा सामने आया है, उसे जानने के बाद आप पूरी तरीके से हैरान रह जाएंगे। क्योंकि आपने इस तरह के न्योते के बारे में इसके बारे कभी किसी ने नहीं सोचा था।ये बात तो हम सभी जानते हैं कि जब किसी जान-पहचान वाले की शादी होती है तो हम लोग हाई-फाई बनकर जाने की सोचते हैं, लेकिन यहां जो किस्सा सामने आया है वो थोड़ा अलग है। क्योंकि, यहां एक महिला ने अपनी शादी में सहेलियों को कहा कि किसी को भी सजधज कर सुंदर बनकर आने की कोई जरूरत नहीं है। ये कहानी जब लोगों के बीच चर्चा में आई तो हर कोई हैरान रह गया, क्योंकि कोई अपनी शादी में इस तरीके से बुलाएगा इसकी किसी को कोई उम्मीद नहीं थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक 27 साल की एक लड़की ने अपनी शादी में ऐसी लड़कियों को बैन कर दिया, जिनकी फोटो सुंदर आती हो। हैरानी की बात तो ये है कि लड़की ने अपने दोस्त को इंविटेशन देते हुए ये शर्त रखी कि कोई भी उसकी शादी में सजधज नहीं आएगा।

### लड़की को चढ़ा अजीब शौक, मच्छर मारकर रख लेती है लाश, नामकरण कर के तैयार करती है 'बहीखाता'!

**नई दिल्ली।** जब बच्चे बड़े होने लगते हैं तो उन्हें अलग-अलग तरह के सामान जुटाने का शौक चढ़ जाता है। कोई सिक्के जुटाता है, कोई माचिस के डिब्बों का ऊपरी हिस्सा रखने लगता है, बहुत से बच्चों को कंचे इक्ट्ठा करने का भी शौक होता है। आजकल तो बच्चे पोकेमॉन या बेन 10 के काड्र्स और टैज़ो जुटाते हैं। पर एक लड़की को बड़ा अजीबोगरीब शौक है। लड़की मच्छरों को मारती है, फिर उनकी लाश को रख लेती है। उसके बाद वो उनका नामकरण कर बहीखाते जैसा लेखा-जोखा



तैयार करती है, जिसमें वो मच्छरों से जुड़ी तमाम डीटेल को लिखती है। इंस्टाग्राम यूजर आकांक्षा रावत ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक लड़की नजर आ रही है। उस लड़की ने अपने ऐसे शौक के बारे में बताया, जिसे सुनकर सबके होश उड़ गए। वो लड़की आकांक्षा की कौन है ये तो नहीं पता, पर आकांक्षा को भी लड़की का शौक हैरान करने वाले लगा। लड़की ने बताया कि उसे मच्छरों को मारकर उनका रिकॉर्ड तैयार करना अच्छा लगता है। सबसे पहले वो मच्छरों को मारती है, फिर उन्हें नाम देती है और उसके बाद एक पेपर में उन्हें टेप के नीचे चिपका देती है। बाद में वो मच्छरों को भारतीयों वाले नाम देती है, उनके मरने की जगह, मौत का वक्त और दिन को नोट करती है। इस तरह उसने एक पेपर पर कई मच्छरों की डीटेल के बारे में लिखा है। उस लिस्ट में सुरेश, रमेश, प्रिया, आदि जैसे नाम वाले मच्छर थे। लड़की ने एक नाम दिया था सिगमा बॉय।

### गई पढ़ाई नाले में, बच्ची ने गटर में डाली किताब, 'लो जी, टेंशन ही खत्म'

**लंदन।** इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया में हम रोज़ाना तरह-तरह के वीडियो देखते हैं। इनमें से कुछ वीडियो तो ऐसे होते हैं, जिन्हें देखने के बाद आप सोच में पड़ जाते हैं तो कुछ ऐसे होते हैं कि आप इन्हें देखकर एंजॉय करते हैं। इस वक्त एक बहुत ही प्यारा वीडियो छोटी सी बच्ची का वायरल हो रहा है, जो हंसते-खेलते स्कूल से आ रही है। रास्ते में वो जो करती है, उसे देखकर आप चौंक जाएंगे। सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहे बच्ची के वीडियो को



देखकर आप भी मुस्कुरा देंगे। वो जितनी मासूमियत से पढ़ाई से छुटकारा लेकर खुश हो रही है, वो देखकर लोगों को ने उस पर प्यार लुटाना शुरू कर दिया। बच्ची जिस तरह से छोटी सी उम्र में अपनी मर्ज़ी से अपनी खुशियां चुन रही है, वो देखकर आपको भी अच्छा महसूस होगा। उसे दुनियादारी से तो कोई वास्ता नहीं, लेकिन जो अच्छा लगा, वो बिना सोचे-समझे ही कर दिया। बच्चे मन के सच्चे होते हैं। उन्हें अच्छा-बुरा तो पता नहीं होता, लेकिन उन्हें जो भी करने में खुशी मिलती है, वे उसे कर लेते हैं। वीडियो में एक छोटी सी बच्ची ऐसा ही कर रही है। वो स्कूल से आते हुए रास्ते में रुकती है और अपने हाथ में मौजूद किताब को मोड़कर गटर में डाल देती है। ऐसा करते हुए उसके चेहरे की खुशी और बाद में उछलते-कूदते हुए उसका रिएक्शन देखकर आपको भी मज़ा आ जाएगा। मानो बच्ची के सिर से कोई भारी बोझ उतर गया हो, वो इस तरह नाचते हुए निकल जाती है।

# छूते ही हाथ हो जाता है सुन्न, इंसानों के लिए घातक...ये हैं दुनिया के सबसे जहरीले पक्षी

पक्षी का नाम सुनते ही जो सबसे पहले जो ख्याल मन में आता है, वे बड्र्स हैं खूबसूरत मोर, तोता, अपनी सुंदरता और मिठी आवाज के लिए मशहूर कोयल। इन पक्षियों की विशेषता है कि इनकी पंखें बाकी पक्षियों से काफी मुख्तलिफ होती है। लेकिन आज हम इस लेख में दुनिया के 10 सबसे जहरीले पक्षियों बारे में बताने जा रहे हैं।

### हुडेड पिटोहुई

हुडेड पिटोहुई कॉर्विडे परिवार के सदस्य हैं, जिसमें रेवेन, कौए और जय जैसे बड्र्स भी शामिल हैं। ये खूबसूरत बर्ड अपने पंखों, पूंछ और सिर पर काले पंखों के लिए मशहूर हैं, जबकि उनके पेट और पीठ पर नारंगी पंख हैं। जबकि पापुआ न्यू गिनी का यह रंग-बिरंगा पक्षी बैट्राकोटॉक्सिन से भरपूर होता है, जिसे छूने पर हाथ सुन्न हो जाता है और झुनझुनी हो सकती है।

### ब्लू कैप्ड इफ्रिता



ब्लू कैप्ड इफ्रिता एक छोटा कीटभक्षी पक्षी है जो 16.5 सेमी तक बढ़ता है। इफ्रिता का मुकुट नीले और काले रंग का होता है और पंख पीले-भूरे रंग के होते हैं। इस पक्षी प्रजाति में बैट्राकोटॉक्सिन पाया जाता है, जो उनके पेट, पैर के पंखों और स्तन पर भारी मात्रा में होता है।

### यूरोपीय बटेर

यूरोपीय बटेर को आमतौर पर बटेर भी कहा जाता है। इसे कॉटर्निक्स वंश के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। यह एक पुरानी दुनिया का प्रवासी पक्षी माना जाता है, जो यूरोप, अफ्रीका और एशिया के दक्षिणी भागों में फैला हुआ है। लेकिन यह बर्ड काफी जहरीला है।

### रेड वार्बलर

अगली जहरीली पक्षी रेड वार्बलर है, जिसे एक छोटा गौरैया पक्षी भी कहा जाता है।

**दुनिया के सबसे जहरीले पक्षियों बारे में बताने जा रहे हैं**

### उत्तरी परिवर्तनशील पिटो हुई

उत्तरी परिवर्तनशील पिटोहुई हुडेड पिटोहुई की ही प्रजाति है। हुडेड पिटोहुई की तरह, यह पक्षी प्रजाति बीटीएक्स नामक एक शक्तिशाली न्यूरोटॉक्सिक एल्कलॉइड द्वारा संरक्षित है। बीटीएक्स पक्षी के पंखों और स्किन में पाया जाता है। वो इस जहर का इस्तेमाल अपने शिकार को रोकने और परजीवियों को दूर भगाने के लिए हथियार के रूप में करता है।



### स्पर-विंग्ड गूज

स्पर-विंग्ड गूज को दुनियाभर में सबसे बड़ी हंस प्रजाति माना जाता है। जैसा कि इसके नाम से पता चलता है, स्पर-विंग्ड गूज के पंखों पर कांटे होते हैं,जो बहुत जहरीला होता है।ऐसा माना जाता है कि इन स्पाइक्स में मौजूद जहर ब्लिस्टर बीटल के आहार से प्राप्त होता है, जिसमें कैंथरिडिन की उच्च सांद्रता होती है। इस जहर की लगभग 10 मिलीग्राम मात्रा इंसानों के लिए घातक मानी जाती है। यह विषैला हथियार पक्षी के जीवन भर उसके लिए महत्वपूर्ण होता है। यहां तक कि मौत के बाद भी, इसका मांस जहरीला माना जाता है।


### छोटा श्रीकेथ्रश

श्रीकेथ्रश एक गीत गाने वाला बर्ड है। आस्ट्रेलिया में स्थानिक रूप से पाई जाने वाली यह पक्षी जहरीली प्रजाति के रूप में दर्ज है। इस पक्षी का जहर, जिसे अक्सर बैट्राकोटॉक्सिनिन-ए कहा जाता है, बहुत जहरीला होता है। यह वही रसायन है जो जहरीले डार्ट मेंढकों द्वारा उत्पादित किया जाता है। साथ ही, साधारण सा दिखने वाला यह पक्षी अपने पंखों और स्किन में विषाक्त पदार्थ रखता है, जो इसे छूने वालों के लिए खतरा पैदा करता है।



### ब्रश ब्रोंजविंग

ब्रश ब्रोंजविंग कबूतर एक कॉमपैक्ट बर्ड है, जो अपने लाल-



भूरे निचले हिस्सों के लिए प्रसिद्ध है। इन पक्षियों को बहुत जहरीला माना गया है।

### हूपो

हूपो अपने सुंदर पंखों और भयंकर दुर्गंध वाले घोंसले के लिए जाना जाता है। ये पक्षी अपनी यूरोपीगियल ग्रंथियों का इस्तेमाल करके एक भयंकर गंध वाला तरल पदार्थ पैदा करने के लिए अनुकूलित हो गए हैं, जो डाइ-मिथाइल सल्फाइड से ज्यादा सांद्रित होता है।

### रफ्ड ग्राउज़

रफ्ड ग्राउज़ एक छोटा पक्षी है जो करीब अमेरिकी कौओ के आकार का होता है। इस पक्षी की पूंछ आमतौर पर पंखे के आकार की होती है।

# एआई तो सबका बाप निकला, आकाशगंगा में धरती जैसे कितने ग्रह हैं, ये भी बता दिया

**बर्न।** अंतरिक्ष अनंत है और यहां इतने राज छिपे हुए हैं, जिसके जवाब आज भी इंसान खोजने की कोशिश कर रहा है। अब उसके साथ इस खोज में एआई भी जुट गया है। हमारे मिल्की वे में 44 ग्रह और अन्य तारे हैं, जो धरती जैसे दिखते हैं। यह दावा एक नए मशीन लर्निंग मॉडल ने किया है।





### एआई मॉडल बेहद विश्वसनीय

स्विट्जरलैंड के नेशनल सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस इन रिसर्च प्लैनेट्स और यूनिवर्सिटी ऑफ बर्न के वैज्ञानिकों ने मिलकर एक एआई मॉडल बनाया है, जो धरती जैसे ग्रहों का पता लगा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस मॉडल में जिस एल्गोरिदम का इस्तेमाल किया गया है, वह 99 प्रतिशत सही है। इस एआई मॉडल की खासियत है कि यह ग्रहों के सिस्टम के बीच यह पता कर सकता है कि कौन सा धरती जैसा ग्रह हो सकता है। यह रिसर्च एस्ट्रोनॉमी और एस्ट्रोफिजिक्स में पब्लिश हुई है। इस स्टडी का हिस्सा रहे वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एआई मॉडल बेहद विश्वसनीय है और इससे एस्ट्रोनॉट्स को केवल उन स्टार सिस्टम्स पर फोकस करने में मदद मिलेगी, जिनमें ऐसे बाह्यग्रह होने की संभावना अधिक है, जिनमें जीवन हो सकता है।

### हैरान कर देने वाले थे नतीजे

एआई मॉडल का टेस्ट बाकी प्लैनेट सिस्टम्स के बारे में ज्ञात डेटा का इस्तेमाल करके किया गया था। वैज्ञानिकों ने कहा कि जिन सिस्टम्स के गुणों के बारे में हमें पता है, उनके बारे में जानकारी मॉडल में डाली गई, तो इसने आश्चर्यजनक रूप से अच्छा परफॉर्मेंस दिया।





### स्टडी में क्या आया सामने?

ऐसे एक्सोप्लैनेट की खोज का आधार उनके ऑर्बिट का रास्ता है। रहने लायक इलाकों में जो ग्रह हैं, उन पर जीवन होने की सबसे ज्यादा संभावना होती है। इसका मतलब है कि यह ऐसी जगह पर होना चाहिए जहां न तो बहुत गर्मी हो और न ही बहुत ठंड हो, ताकि तरल पानी मौजूद हो सके। इस शर्त को पूरा करने वाले एक्सोप्लैनेट अन्य दुनिया की खोज करते समय सबसे आशाजनक उम्मीदवार हैं जहां जीवन मौजूद हो सकता है।

## 400 किमी दूर तक फट गई धरती, वैज्ञानिकों का बड़ा खुलासा

# म्यांमार में सुपरसोनिक स्पीड से आया था विनाशकारी भूकंप

एजेंसी ▶▶| नेपीडॉ

पिछले महीने 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से म्यांमार की धरती कांप उठी थी। दुनिया के सबसे बड़े फॉल्ट में से एक के टूटने से बने इस भूकंप के चलते म्यांमार और आस-पास के क्षेत्रों में तबाही मचा दी थी। भूकंप के चलते 5000 से ज्यादा लोगों के हताहत होने की पुष्टि हुई है। भूकंप का केंद्र म्यांमार में मांडले के पास था, लेकिन इसका असर थाईलैंड और बांग्लादेश तक देखा गया। अब घटना के कुछ दिनों बाद भूकंप विज्ञानियों ने इसके व्यवहार और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने वाले तेज झटकों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की है।



### सुपरसोनिक रफ्तार से बनी दरार

जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के झीगांग पेंग ने कहा कि यह दरार शुरुआत में धीमी गति से होने के बाद ध्वनि की गति से भी तेज गति से टूट गई। पेंग ने कहा कि थाईलैंड और चीन के युन्नान और ग्वांग्डन प्रांतों में भूकंप के बाद भूकंपीय गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यह म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप से उत्पन्न तनावों के व्यापक रूप से सक्रिय होने का संकेत देती है।

### 400 किलोमीटर लंबी दरार

म्यांमार टेक्टोनिक रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है, जहां भारत और यूरेशिया की प्लेटें टकराती हैं। सीस्मोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ अमेरिका की वार्षिक बैठक में दुनिया भर के शोधकर्ताओं ने अपने निष्कर्ष साझा किए हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के भूकंप विज्ञानी सुसान हॉफ के अनुसार, मार्च में आए भूकंप ने सागांग फॉल्ट के 400 किलोमीटर से अधिक हिस्से को तोड़ दिया। यह प्रमुख स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट मध्य म्यांमार से होकर गुजरता है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के शोधकर्ता नादिन रीटमैन ने बताया कि यह दरार दुनिया भर में दर्ज की गई सबसे बड़ी सतह दरारों में से एक है। सागांग फॉल्ट ने पिछली सदी में 6 तीव्रता और उससे बड़े कई भूकंपों को पैदा किया है, लेकिन 1839 के बाद से 7 तीव्रता के भूकंप का अनुभव नहीं हुआ था।

### भारत आकर बस गई विदेशी लड़की!



**नौकरी छोड़ी, घर बेचा**

नई दिल्ली। एक तरफ भारतीय बेहतर जिंदगी की तलाश में अपने देश को छोड़कर विदेश चले जा रहे हैं और दूसरी तरफ विदेशी लोगों को भारत इतना पसंद आ रहा है कि वो यहां निरंतर घूमने आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर व्लॉग बना रहे हैं। आम लोगों से बातें करते नजर आ रहे हैं और यहां की परंपराओं और मान्यताओं में ढल जा रहे हैं। एक विदेशी लड़की ने तो अपनी नौकरी, घर और देश छोड़ दिया और भारत में आकर बस गई। अब 10 महीने रहने के बाद उसने बताया कि उसका निर्णय सही था या गलत! इंस्टाग्राम यूजर एस्ट्रिड एसमेराल्डा डेनमार्क की रहने वाली हैं और एक सोलो ट्रैवलर हैं। वो कोपनहेगन में रहती थीं। 10 महीने पहले वो सब कुछ छोड़छाड़कर भारत चली आईं और वहां पर रहने लगीं। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियोज के जरिए भारत में अपनी अब तक की यात्रा को दिखाया। वो ऋषिकेश से मुंबई और गोवा तक घूम चुकी हैं।

**10 महीनों से भारत में है लड़की :** हाल ही में उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने बताया कि भारत में बिताए 10 महीने उनके लिए कैसे रहे। उन्होंने लिखा- 'भारत में 10वां महीना बीत रहा है और मैं कह सकती हूं कि ये मेरी जिंदगी का सबसे बेहतरीन निर्णय रहा। मुझे बदलाव चाहिए था। मेरे लिए कोपनहेगन में कुछ नहीं बचा था। मैं अपनी नौकरी से प्यार करती थी, घर से प्यार करती थी, दोस्तों से प्यार करती थी, जिन्हें मैं मिस करती हूं।


JioMart
Reliance
Growth is Life
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick
Quick Scheduled
Search in Quick
Biscuits, Drinks & Packaged Foods
Fruits & Vegetables
ऐप अभी डाउनलोड करें
लो प्राइस गारंटी
Quick
फ्री होम डिलीवरी
ज़ीरो एक्सट्रा चार्जेज़
आम बंगनपल्ली 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 150
जियोमार्ट कीमत ₹ 99
तरबूज किरन 1 युनिट (लगभग 2.5 kg से 3 kg)
बाजार मूल्य ₹ 60
जियोमार्ट कीमत ₹ 48
बिस्किट 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 125 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 83 या उससे अधिक
कोल्ड ड्रिंक्स / ज्यूसेस 600 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक
सुहाना / गोल्डी मसाले 100 g या उससे अधिक (चुनिंदा श्रेणी)
फ्लैट 33%* छूट
*एमआरपी पर
गुड लाईफ तुअर दाल 1 kg
एमआरपी ₹ 237
जियोमार्ट कीमत ₹ 148
बचाइए ₹ 89
समर एसेंशियल्स 50 g / 80 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 275 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 137 या उससे अधिक
टाइड / सर्फ एक्सेल / एरियल डिटर्जेंट पाउडर 1 kg या उससे अधिक / सर्फ एक्सेल / रिन मैटिक / जेंटील लिक्विड 2 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 85 या उससे अधिक
40% तक छूट
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 20 अप्रैल 2025 तक मान्य हैं चुनिंदा पिन कोड में। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## चिंतन

# राष्ट्रपति पर सुप्रीम निर्देश से कार्यक्षेत्र पर बहस तेज

इस देश में आजादी के बाद से ही राज्यपाल का या तो केंद्र के द्वारा दुरूपयोग होता रहा है या राज्यपाल खुद केंद्र के प्रति निष्ठा जताने के लिए अपने पद व अधिकार का दुरूपयोग करते रहे हैं। यह टकराव तब अधिक देखा गया है जब केंद्र व राज्य में अलग-अलग दल की सरकार हो। कई राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति से बाहर जाकर काम करते दिखे और एक चुनी हुई सरकार के फैसले पर कुंडली मारकर बैठते दिखे। तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल का मामला ऐसा ही है, जिसमें राज्यपाल ने 12 विधेयकों को लंबे समय तक अटका दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। विधेयक को लेकर सुप्रीम आदेश में राज्यपाल के साथ राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा निर्धारित किए जाने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उठाए गए सवाल के बाद से न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र चर्चा में हैं। उच्चतम न्यायालय ने 12 विधेयकों के अटके रहने के तमिलनाडु सरकार बनाम तमिलनाडु राजभवन मामले में संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया कि राष्ट्रपति को राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करनी चाहिए। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को लेकर सख्त निर्देश दिया कि विधानसभा से पास विधेयक को राज्यपाल असीमित समय तक नहीं लटका सकते, समय सीमा में उस पर फैसला होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के लिए एक माह से तीन माह (विशेष परिस्थिति में) का समय निर्धारित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस मुद्दे पर कहा कि अब राष्ट्रपति को भी समयबद्ध तरीके से काम करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसा लगता है कि अब न्यायपालिका एक 'सुपर संसद' की तरह व्यवहार करेगी। इसके बाद से देश में नई बहस तेज हो गई है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति के लिए दिशानिर्देश जारी करना चाहिए? राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद है, इसलिए न्यायपालिका की ओर से दिशानिर्देश पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि संविधान के अनुच्छेद-142 सुप्रीम कोर्ट को यह शक्ति देता है कि पूर्ण न्याय करने के लिए वह कोई भी निर्देश, आदेश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी से भी जुड़ा मामला हो। संविधान में कहा गया है कि इस अनुच्छेद की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ऐसी डिक्री पारित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है, जो उसके समक्ष लंबित किसी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो। यह आदेश पूरे देश पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए चंडीगढ़ में मेयर चुनाव का पूरा फैसला पलट दिया था। फिर भी राष्ट्रपति पद की गरिमा सुनिश्चित होनी चाहिए। इसका ध्यान लोकतंत्र के सभी स्तंभों को रखना चाहिए। राष्ट्रपति कार्यालय को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्यपाल राजनीतिक निष्ठा से परे होकर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें। राज्यपाल अगर अपनी शक्तियों को समझकर राज्य के हित में काम करेंगे और विधानसभा से पारित विधेयकों के कानून बनने में अपनी भूमिका निभाएंगे तो टकराव की स्थिति पैदा नहीं होगी और न ही मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचेगा। राज्यपालों की 'केंद्रीय निष्ठा' देश में संघवाद को कमजोर करती है। क्या राज्यपाल संवैधानिक रूप से जवाबदेह नहीं हैं कि आखिर चुनी हुई सरकार को अपनी ही विधानसभा से पारित विधेयक को लागू करने के लिए अदालत का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ रहा है?

## मनोदशा

डॉ. मोनिका शर्मा



# भटकते किशोरमन को थामना जरूरी

इन दिनों खूब चर्चा पा रही मात्र चार एपिसोड की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस' ने किशोर मन की दिशाहीनता को लेकर वैश्विक स्तर पर बड़ी चर्चा छेड़ दी है। वर्चुअल दुनिया की सामग्री से गुमराह होते मन से लेकर असल जीवन की उलझनों तक, बड़े होते बच्चों के बहकते मन को सामने रखती यह सीरीज पूरे परिवेश को कटघरे में खड़ा करती है। अभिभावकों संग संवाद की कमी हो या अनजान चेहरों के वर्चुअल कमेंट्स, किशोर बच्चों की मनःस्थिति को आपराधिक गतिविधियों की ओर मोड़ने वाली कड़वी सच्चाई को सामने रखती है। तकनीकी विस्तार और अपने-अपने कोने तक सिमटते जीवन के इस दौर में यह सीरिज जरूरी प्रश्न उठाती बल्कि भविष्य को लेकर चेताती भी है। यौनिक विकास के मोर्चे पर उलझता किशोरमन और वर्चुअल दुनिया में इससे जुड़े ताने-उलहाने मिलने से उपजी कुंठा समाज के भावी नागरिकों को कितना दिशाहीन कर सकती है? स्वयं को कमतर आंकने का मनोविज्ञान एवं कटुतापूर्ण परिवेश से टॉक्सिक सोच का ऐसा स्याह घेरा भी बना सकता है कि किशोर बच्चे किसी की जान लेने या अपनी जान देने जैसा कदम उठाने लगें। सबसे अहम बात जो यह सीरीज समझाती है वह यह कि स्मार्ट गैजेट्स के साथ बड़े हो रहे बच्चे बंद कमरे में भी अकेले नहीं होते। अपनों से अलग-थलग समय बिताते हुए पूरी दुनिया से जुड़े रहते हैं। अपने ही घर के एक हिस्से में मौजूद होने के बावजूद सुरक्षित नहीं रहते। स्क्रीन और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से पूरा संसार उनके साथ रहता है। आमजीवन में चुप से रहने वाले किशोरों का परिचितों-अपरिचितों से हर तरह का संवाद होता है, जिसके चलते किशोर वर्चुअल संसार में भी बुलीइंग का शिकार बनते हैं। अपराध का रास्ता पकड़ने की दिशाहीन सोच आ जाती है। अपशब्द, नकारात्मक टीका-टिप्पणियां और अपेक्षाओं-उपेक्षाओं का एक अनदेखा घेरा बन जाता है। दुखद है कि सोशल मीडिया और वास्तविक संसार की बदलती रूपरेखा के बीच किशोर आक्रोश और अहंकार के शिकार हो रहे हैं। शारीरिक बदलावों और भावनात्मक उलझनों के इस पड़ाव में कहीं मर्दानगी की अजब-गजब परिभाषा सीख रहे हैं तो कहीं बदला लेने की विकृत मानसिकता से घिर रहे हैं। दरअसल, किशोरावस्था को मौज-मस्ती और मन का करने की उम्र मान लिया जाता है। अपने आप में खोये रहने वाली उम्र का पड़ाव समझा जाता है। ना तो छोटा बच्चा समझकर दिया जाने वाला संबल मिलता है और ना ही समझदार होने के आयुवर्ग में आने का स्वागत। ऐसे में मासूमियत भरे बचपने से समझ भरी उम्र की ओर बढ़ता किशोर-किशोरियों का दिलों-दिमाग कई उलझनों से जूझता है। ऊर्जा भरे इस पड़ाव पर भी अकेलापन और अवसाद तक घेरने लगता है। किशोरावस्था शब्द लैटिन शब्द 'एडोलेसयर' से बना है, जिसका अर्थ है 'परिपक्व होने के लिए बढ़ना'। समझदारी के पड़ाव की ओर बढ़ते '12 से 18 साल' के बच्चे किशोर माने जाते हैं। उम्र के इस दौर में सबसे ज्यादा जरूरत बड़ों के साथ सार्थक संवाद की होती है। किशोरों के लिए कई विषयों पर अपनों से कुछ कहना मुश्किल होता है, तो कई बार बड़े-बुजुर्गों के कहे को समझना भी कठिन लगता है। ऐसे में अभिभावकों द्वारा उनके बदलते मन को समझने के प्रयास आवश्यक हो जाते हैं। प्रत्यक्ष रूप से उनकी निर्भरता कम दिखती है पर इस आयुवर्ग में भी बहुत सी बातों से उलझता उनका मन अभिभावकों की ओर ही देखता है। चाइल्ड माइंड इंस्टीट्यूट के मुताबिक एंगजाइटी, बचपन और किशोरावस्था में सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य विकार है। करीब 31.9 प्रतिशत लोग 18 साल की उम्र तक किसी न किसी तरह की फिक्र से जूझते हैं। बदलावों की इस उम्र में बहुत सी बातों को लेकर घबराहट भी होती है। सोशल मीडिया ने हमउम्र दोस्तों और सहपाठियों से तुलना के भाव को और बढ़ाया है। बच्चे शारीरिक बनावट से लेकर करीबी दोस्ती के मामले तक में एक-दूसरे से तुलना करने लगते हैं। शारीरिक मानसिक बदलाव भटकाव लाने वाले होते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक आज 44 फीसदी स्कूली बच्चे तनाव और अवसाद का शिकार हैं। स्पष्ट है कि अकादमिक दबाव के अलावा किशोरों का मन आभासी दबाव भी झेल रहा है। यथार्थ से दूर वर्चुअल दुनिया में समय बिताते हुए नई तरह की मानसिक परेशानियों में फंस रहे हैं। ऐसे हालातों में जीवन से जुड़े हर पक्ष पर संवाद करना आवश्यक है। अपनी उलझनें कह देने का भरोसा देना जरूरी है। बातचीत के लिए सहज परिवेश और खुलापन न मिलने से किशोर बच्चों की मनःस्थिति भटकाव का शिकार हो जाती है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सहकार से समृद्धि का विजन होगा साकार



**सहकारी यूनिवर्सिटी**
बालासुब्रमण्यम अय्यर

> भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है।

भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के लिए विधेयक का संसद में पारित होना भारतीय सहकारी आंदोलन की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसका 2025 के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान संपन्न होना इसके महत्व को और बढ़ाता है। जैसा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, यह यूनिवर्सिटी "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को साकार करने में एक शक्तिशाली माध्यम बनने के लिए तैयार है। भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज़्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है। सहकारिता मंत्रालय ने सराहनीय कदम उठाए हैं। 67,390 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ रुपये आवंटित करना, 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में पैक्स को सक्षम करने के लिए 32 राज्यों में मॉडल उपनियमों को लागू करना, 2 लाख नई बहुद्देशीय सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य रखना, 1,100 किसान उत्पादक संगठनों को समर्थन देना और 44,000 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में बदलना।

कर प्रोत्साहन, आसान ऋण और विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधा सहकारी समितियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। बीज, निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए तीन नए राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना इस बात का संकेत है कि सहकारी समितियों को भारत के विकास के प्रमुख एजेंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है परन्तु, अपने विस्तार और पहुंच के बावजूद, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की अवरचना आंशिक, अविकसित और असमान रूप से वितरित है। प्रबंधकीय और प्रशासनिक से लेकर तकनीकी और परिचालन तक योग्य पेशेवरों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। मौजूदा कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण में निवेश करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों में से कई के पास नियमित प्रशिक्षण या शिक्षा के अवसरों तक पहुंच नहीं है। मानकीकृत पाठ्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत सामंजस्य के बिना, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ नहीं ले सकता है या अपने विकास को बनाए नहीं रख सकता है। सहकारी आंदोलन में नई और युवा पीढ़ियों को आकर्षित करने की भी सख्त जरूरत है। ऐसे व्यक्ति जो न केवल पेशेवर हों बल्कि सहकारी मूल्यों से प्रेरित हों और क्षेत्र में नवाचार करने के लिए आतुर हों। यहां, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है: शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में सेवा करके जो नई पीढ़ी के सहकारी नेताओं को




बढ़ावा देते हुए सभी स्तरों पर उनकी क्षमता का निर्माण कर सकेगा। अमूल मॉडल के वास्तुकार, दूरदर्शी त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर और भारत की डेयरी सहकारी क्रांति के उद्गम स्थल आनंद में स्थित यह यूनिवर्सिटी एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है, साथ ही यह एक रणनीतिक हस्तक्षेप भी है। ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद का चयन - एक ऐसा संस्थान जिसने दशकों से सहकारी प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, इस यूनिवर्सिटी की नींव के रूप में व्यावहारिक और प्रेरणादायक दोनों है। यह यूनिवर्सिटी सहकारी उद्यमों की चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए सुसज्जित पेशेवरों को तैयार करने की एक मजबूत विरासत का निर्माण करेगी। यूनिवर्सिटी का विज़न सिर्फ़ औपचारिक प्रबंधन डिग्री तक सीमित न होकर काफी विस्तृत है। यह प्राथमिक और माध्यमिक सहकारी समितियों के बोर्ड सदस्यों, सहकारी क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों, और नैतिक, सस्टेनेबल और समावेशी व्यवसाय मॉडल में रुचि रखने वाले युवाओं की नई पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाएगा। इसके लिए, यूनिवर्सिटी लचीले शिक्षण मॉड्यूल, प्रमाणन कार्यक्रम, डिग्री कार्यक्रम, डिजिटल पहुंच प्रदान करेगा और क्षेत्र-आधारित ऐसे शोध का जरिया बनेगा, जिनसे स्व-सहायता, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पारस्परिक जिम्मेदारी के सहकारी मूल्यों का लाभ सभी को मिल सकेगा। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक राष्ट्रीय ज्ञान मंच के रूप में भी काम कर सकता है, हितधारकों के बीच संवाद को सुविधाजनक बना सकता है, साक्ष्य-आधारित नीतिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ग्रामीण वास्तविकताओं के अनुरूप नवाचारों का समर्थन कर सकता है। डेयरी, ऋण, आवास, मत्स्य पालन, कपड़ा जैसे विविध सहकारी परिदृश्य में, विश्वविद्यालय एक ऐसे केन्द्र के रूप में विकसित होगा जहां, शिक्षा, नीति निर्माता और सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञ उन्नयन के नये पथ ईजाद कर सकेंगे। वैश्विक स्तर पर, सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है। 1844 में रोशडेल पायनियर्स के समय से ही, आचरण के मूल नियमों में मुनाफे का एक हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करना शामिल था। पांचवां सहकारी सिद्धांत - शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना - आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य, नेता और समुदाय सहकारी मॉडल को समझें और उसका पालन करें। यह गहरी जड़ें जमाए बैठी शैक्षिक परंपरा ही है जो सहकारी शासन को बनाए रखती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और जवाबदेही को मजबूत करती है। इस संदर्भ में, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान से कहीं अधिक होगा, यह सहकारी विकास के लिए एक राष्ट्रीय और वैश्विक ज्ञान केंद्र बन सकता है, एक ऐसा स्थान, जहां प्रयोग और नीति का संगम हो और जहां नेतृत्व सीख से प्रेरित हो। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से सहकारी समितियों को एकजुट करने, साझा मंच बनाने, आम चुनौतियों से निपटने और सामूहिक रूप से आगे का रास्ता तय करने में वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का आह्वान किया। भारत का सहकारी आंदोलन और अब इसका पहला सहकारी विश्वविद्यालय न केवल प्रेरणा बल्कि दिशा भी प्रदान करता है। नींव रखी जा चुकी है, अब समय आ गया है कि एक ऐसा संस्थान बनाया जाए जो उस दृष्टिकोण के योग्य हो जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है, एक ऐसा संस्थान जो आने वाली पीढ़ियों को सहकारिता की अविनाशी शक्ति के माध्यम से शिक्षित, सशक्त और ऊर्जावान बनाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सहकारी समितियां सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

(लेखक क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस एशिया एंड पैसिफिक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
**दर्शन**

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




### आज की पाती


**कब रुकेगा प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों का शोषण?**

बाहर से देखो तो प्राइवेट स्कूल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। एसी क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट-ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स। लेकिन अंदर झांको, वहां एक मास्टर साहब बैठा है, जो न वक्त पर चाय पी सकता है, न लंच कर सकता है। जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो मास्टर की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्ज़ाम में फेल हो जाए, तो मैनेजमेंट पूछता है- क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से। तनख्वाह जो कागज़ पर है, जेब में नहीं। प्राइवेट स्कूलों में सैलरी का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियां भी शरमा जाएं। – **प्रियंक शर्मा**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

### बुद्ध के दंत 16 वर्षों बाद श्रीलंका में दर्शन के लिए

**कोलंबो।** भगवान बुद्ध के पवित्र दंत अवशेष को 16 साल के अंतराल के बाद शुक्रवार को श्रीलंका के केंद्रीय शहर कैंडी में आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह आयोजन 10 दिनों तक 27 अप्रैल तक जारी रहेगा तथा आम लोग अवशेष स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक देख सकते हैं। बयान के अनुसार, भारत सहित 17 देशों के राजदूतों के लिए एक विशेष व्यवस्था के तहत कैंडी तक उनके लिए ट्रेन से यात्रा का इंतजाम किया गया है। कैंडी स्थित पवित्र दंत मंदिर के वरिष्ठ भिक्षु महावेला रत्नपाल ने संवाददाताओं को बताया कि हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं के इस अवशेष का दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। यह दंत अवशेष इस द्वीपीय देश श्रीलंका के 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। रत्नपाल ने कहा, ''हजारों लोग दो दिन पहले से मंदिर तक पहुंचने वाले तीनों मार्गों पर कतार में खड़े हैं।'' ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, यह दंत अवशेष 1590 में कैंडी लाया गया था।



## ऑफ बीट

### इंडोर प्लांट का उपयोग दवा और खाना पकाने होता था

हजारों वर्षों से लोग घरों के भीतर पौधे उगाते आ रहे हैं। साक्ष्यों से पता चलता है कि मिस्र के लोग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में पौधों को घर के अंदर लाए थे। पोम्पेई के पूर्व शहर के अवशेषों से पता चलता है कि 2,000 साल से भी पहले वहां 'इनडोर प्लांट्स' का इस्तेमाल किया जाता था और मध्ययुगीन इंग्लैंड में 'इनडोर प्लांट्स' का उपयोग दवा और खाना पकाने में किया जाता था। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में इनडोर प्लांट्स' को रखना दुनियाभर में व्यापक हो गया। यह प्रथा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान काफी लोकप्रिय थी, संभवतः प्रकृति से जुड़ने की इच्छा के कारण, जब बाहरी हरित स्थानों तक पहुंच सीमित थी। 'इनडोर प्लांट्स' के लाभ प्रकृति से जुड़ाव से कहीं बढ़कर हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि वे सकारात्मक भावनाओं को बढ़ा सकते हैं, तनाव को कम कर सकते हैं, उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और यहां तक कि दर्द जैसी शारीरिक परेशानी को भी कम कर सकते हैं। हालांकि, लोगों का अपने पौधों से जुड़ाव का स्तर अलग-अलग होता है।



## ट्रेंड

### हर भारतीय को बधाई



गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल करने पर हर भारतीय को बधाई। ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दर्शाते हैं, जिसने अनादि काल से जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विश्व विरासत दिवस



विश्व विरासत दिवस हमें अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत पर गर्व करने के साथ-साथ उसके संरक्षण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी अमूल्य धरोहरों को संजोने और सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### राजनीतिक हथकंडों से बचें



सपा दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहाँ किसी भी हद तक जा सकती है। अतः दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी राजनीतिक हथकंडों का शिकार होने से ज़रूर बचना चाहिए।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### कठोर कार्रवाई करें



सिविल मामले को क्रिमिनल बनाकर पेश करना पुलिस के द्वारा क़ानून को तोड़ना है, इसके लिए आर्थिक दंड नहीं निलंबन करके कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

*इस साल चारधाम यात्रा 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से प्रारंभ हो रही है। रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। चारधाम यात्रा में इस बार वीडियो रील बनाने वालों और यूट्यूबर्स की एंट्री रोकने की तैयारी है। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने तय किया है कि इस बार मंदिर परिसर में इन्हें नहीं आने देंगे। यदि कोई ऐसा करता मिला तो बिना दर्शन उसे लौटा दिया जाएगा। इस बारे में प्रशासन को भी बता दिया गया है। इसी तरह, पैसे देकर वीआईपी दर्शन की व्यवस्था भी धामों पर बंद रहेगी।*

# चारधाम यात्रा 30 से, रील बनाने वालों की नो एंट्री, वीआईपी दर्शन भी नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यह यात्रा दुर्गम पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। इसलिए प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें स्वास्थ्य सावधानियां, मौसम की जानकारी, उचित कपड़े और चिकित्सा उपकरण साथ रखना जैसी बातें शामिल है। पूरे यात्रा मार्ग को 10-10 किलोमीटर के सेक्टरों में बांटा है। हर सेक्टर में 6 पुलिसकर्मी होंगे। वह बाइक पर तैनात रहेंगे, जिससे यात्रियों को परेशानी के समय तुरंत मदद मिल सके।

**पैसा देकर दर्शन मर्यादा के खिलाफ :** इसी तरह, पैसे देकर वीआईपी दर्शन की व्यवस्था भी धामों पर बंद रहेगी। बद्रीनाथ धाम के पंडा पंचायत ने कहा है कि पैसे लेकर दर्शन करवाना भगवान की मर्यादा के खिलाफ है। कहा गया कि पिछले साल रील बनाने वालों के चलते काफी अव्यवस्था फैली थी। इसलिए इस बार कैमरा ऑन भी नहीं करने देंगे और ऐसा करने वालों को बिना दर्शन के वापस भेज देंगे। इस बार यात्रा के लिए बीते 6 दिन में 9 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। सबसे ज्यादा पौने तीन लाख श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। फिर बद्रीनाथ में 2.24 लाख, यमुनोत्री के लिए 1.34 लाख, गंगोत्री के लिए 1.38 लाख व हेमकुंड साहिब के लिए 8 हजार श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे।

## ऑनलाइन पूजा कराएं, घर बैठे प्रसाद पाएं

केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम की यात्रा के लिए ऑनलाइन पूजा का रजिस्ट्रेशन 10 अप्रैल से शुरू हो चुका है। जो श्रद्धालु घर बैठे केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम में पूजा करवाना चाहते हैं, वह बद्री केदार मंदिर समिति की वेबसाइट **https://badrinathkedarath.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग करवा सकते है। ऑनलाइन पूजा करवाने वाले लोगों के नाम से न सिर्फ पूजा की जाएगी बल्कि उन श्रद्धालुओं को उनके एड्रेस पर केदारनाथ और बदरीनाथ धाम का प्रसाद भी भेजा जाएगा।



**किस दिन खुलेंगे किस धाम के कपाट :** इस साल 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से चार धाम यात्रा की शुरुआत होगी। इसी दिन सबसे पहले मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। इसके बाद 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। आखिर में 4 मई को विधि-विधान से भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही पूर्ण रूप से चार धाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी।

### खराब मौसम को देखते की गई व्यवस्थाएं

चारधाम यात्रा के दौरान खराब मौसम व विपरीत हालात में यात्रियों को रोकने के लिए 10 जगहों पर होल्डिंग स्थल बनाए जा रहे हैं। यह स्थल हरिद्वार,ऋषिकेश, ब्यासी, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग, हरबटपुर, विकासनगर, बड़कोट और भटवाड़ी में होंगे। यहां पानी, शौचालय, रात बिताने के लिए बिस्तर, दवाएं और खाने की इमरजेंसी व्यवस्था रहेगी।

### यात्रा शुरू होने पर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होगा

पर्यटन विकास परिषद रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट के अलावा मोबाइल नंबर, वॉट्सएप और टोल फ्री नंबर भी जारी करेगा। इस पर कॉल कर आप अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यात्रा शुरू होने के बाद हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी शुरू होगी। जो श्रद्धालु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकते, वह ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर यात्रा पर जा सकेंगे। चारों धामों में यात्रियों को दर्शन के लिए भी टोकन व्यवस्था लागू होगी।

## खबर संक्षेप

### सहकर्मियों पर गोली चलाने वाले कांस्टेबल की सजा बरकरार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेस में परोसे गए भोजन से असंतुष्ट होकर अपने सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले में एक सैन्यकर्मी की दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और एसवीएन भट्टी की पीठ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के 2014 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें आरोपी को बरी कर दिया गया था। तथ्यों और परिस्थितियों से पता चलता है कि आरोपी ने गुस्से में अपनी सर्विस राइफल एके-47 से उसका हत्या का इरादा था।

### प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या, शव फंदे पर लटकाया

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली के फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत में संविदा पर तैनात सफाई कर्मचारी केहर सिंह की उसकी पत्नी ने प्रेमी संग मिल कर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि महिला ने पहले अपने पति को पहले जहर दिया। फिर अपने प्रेमी की मदद से उसका गला घोंट दिया उसके बाद उसने शव को फांसी पर लटका दिया, ताकि यह आत्महत्या लगे। पुलिस ने पत्नी रेखा 25 और उसके प्रेमी पिंटू को हिरासत में ले लिया है। मेडिकल जांच के बाद दंपती को जेल भेज दिया गया।

### ट्रक और बाइक टक्कर में पिता व दो बेटों की मौत

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में बमीठा के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई जबकि दो अन्य बच्चे घायल हो गए। बमीठा थाने के प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 7:30 से आठ बजे के बीच हुई। दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल पर कुल पांच लोग सवार थे। गंभीर रूप से घायल दो अन्य बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## धनखड़ के सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' कहने पर छिड़ी बहस

# सिब्बल बोले- राष्ट्रपति नाम का मुखिया, उनके पास निजी अधिकार नहीं, संविधान ही सर्वोच्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी न देने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले ने सियासी हलकों में नई बहस छेड़ दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस फैसले पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' करार दिया, जिसके जवाब में राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल सहित कांग्रेस के सुरजेवाला और द्रमुक ने उन पर तंज कसा है। सिब्बल ने कहा कि उपराष्ट्रपति को यह समझना चाहिए कि संविधान ही सबसे ऊपर है, राज्यपाल और राष्ट्रपति को भी मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना होता है।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान पर आश्चर्य जताया है, जिसमें उन्होंने न्यायपालिका पर सवाल खड़े किए हैं। सिब्बल ने शुक्रवार को कहा, आज अखबारों में मुझे धनखड़ साहब का भाषण पढ़कर दुख और आश्चर्य हुआ क्योंकि आज पूरे देश में अगर किसी संस्था पर भरोसा किया जाता है तो वह न्यायपालिका है। जब सरकार के कुछ लोगों को न्यायपालिका के फैसले पसंद नहीं आते तो वे आरोप लगाते हैं।



### सुप्रीम कोर्ट को पूर्ण न्याय देने का अधिकार

सिब्बल ने आगे कहा, जब उनको न्यायपालिका के आदेश पसंद आते हैं, तो विपक्ष को कहते हैं कि ये सुप्रीम कोर्ट का फैसला था। जो फैसला आपकी सोच के अनुसार नहीं होता उसे गलत बताते हैं। वे अनुच्छेद 142 पर सवाल उठा रहे हैं। क्या उन्हें पता है कि संविधान ने अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को पूर्ण न्याय देने का अधिकार दिया है? यह किसी सरकार ने हक नहीं दिया। राष्ट्रपति केवल नाम का मुखिया है।

### आगे क्या बोले सिब्बल?

सिब्बल ने आगे कहा, राष्ट्रपति कैबिनेट की सलाह के आधार पर काम करते हैं। राष्ट्रपति के पास अपना कोई निजी अधिकार नहीं होता है। जगदीप धनखड़ को यह बात पता होनी चाहिए। वो कह रहे हैं कि आप राष्ट्रपति की शक्तियों को कैसे चैलेंज कर सकते हैं, कौन कर रहा है ऐसा। क्या कोई राज्यपाल जनता के जरूरत का विधेयक 2 साल रोक सकता है? क्या कोर्ट को कोई हक नहीं।

### 'परमाणु मिसाइल' है न्यायिक स्वतंत्रता : सुरजेवाला



कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने उपराष्ट्रपति धनखड़ द्वारा की गई टिप्पणी पर कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता सत्ता में बैठे लोगों के मनमाने कार्यों और निर्णयों के खिलाफ लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए वास्तव में एक "परमाणु मिसाइल" है। भारत के लोकतंत्र में कोई संवैधानिक पद नहीं, बल्कि संविधान सर्वोच्च है। सुरजेवाला ने कहा मैं कोई भी कार्यालय, चाहे वह राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री या राज्यपाल का हो, इतना ऊंचा नहीं है कि वह संवैधानिक औचित्य के दायरे से ऊपर हो।

### भारत में कानून का शासन कायम है : द्रमुक

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के उप महासचिव और राज्यसभा सदस्य तिरुचि शिवा ने उपराष्ट्रपति धनखड़ की टिप्पणी को अनैतिक बताया। शिवा ने कहा हर नागरिक को पता होना चाहिए कि भारत में "कानून का शासन" कायम है। संविधान के अनुसार शक्तियों के बंटवारे के तहत, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के पास अलग-अलग शक्तियां हैं।" उन्होंने कहा जब तीनों अपने-अपने क्षेत्रों में काम करते हैं तो किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि संविधान सर्वोच्च है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने क्या कहा था?

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि कुछ जज 'कानून बना रहे हैं' और 'सुपर संसद' की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा, "हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? हमें इस मसले पर बेहद संजीदा होना होगा।

# जातिगत भेदभाव दूर करने रोहित वेमुला अधिनियम लागू किया जाए

### राहुल ने सिद्धारमैया को पत्र लिखा

**राहुल गांधी ने संसद में दलित और अन्य समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से मुलाकात की**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के कांग्रेसी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर राज्य में रोहित वेमुला अधिनियम लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने शुक्रवार को यह जानकारी एक्स पर दी। उन्होंने लिखा, 'हाल ही में संसद में मेरी मुलाक़ात दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई थी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें किस तरह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ता है।' राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर पत्र साझा किया।

### आगे क्या बोले राहुल?

राहुल ने आगे लिखा, 'बाबासाहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे वंचित भी सशक्त बन कर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे हैं। अब इस अन्याय पर पूरी तरह से रोक लगाने का वक्त है। मैंने सिद्धारमैया जी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कर्नाटक में रोहित वेमुला एक्ट लागू किया जाए।'

### क्या है रोहित वेमुला अधिनियम?

रोहित वेमुला अधिनियम कांग्रेस का एक प्रस्तावित कानून है, जिसके जरिए पार्टी उच्च शिक्षण संस्थानों में दलित, आदिवासी, ओबीसी छात्रों के लिए समानता-सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहती है। यह कानून अभी नहीं है। कांग्रेस ने रायपुर महाधिवेशन 2023 में शोषित वर्ग से जुड़े छात्रों की सुरक्षा और सम्मान के लिए इसे लागू करने का वादा किया था। रोहित वेमुला एक दलित पीएचडी छात्र हैं, जिन्होंने 2016 में हैदराबाद केंद्रीय विद्यालय में आत्महत्या की थी, जिसे जाति उत्पीड़न से जोड़ा गया था।

# मंदिरों का 1000 किलो सोना पिघलाकर 17.81 करोड़ रुपये सालाना ब्याज कमाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तमिलनाडु के 21 मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए सोने से सरकार को जबरदस्त वित्तीय लाभ मिला है। मंदिर से मिले 1,000 किलोग्राम से अधिक सोने के सामान को पिघलाकर 24 कैरेट की छड़ों में बदल दिया गया और बैंकों में जमा कर दिया गया। सरकार ने कहा कि सोने की छड़ों के इस निवेश से उसे सालाना 17.81 करोड़ रुपये का ब्याज मिल रहा है। मंदिरों में से तिरुचिरापल्ली जिले के समयपुरम में अरुलमिगु मरिअम्मन मंदिर ने निवेश योजना के लिए सबसे अधिक लगभग 424.26 किलोग्राम सोना दिया।

तमिलनाडु सरकार की बल्ले-बल्ले



### जिनका इस्तेमाल नहीं, उन्हें गलाया गया

मंदिरों में चढ़ाए गए सोने के ऐसे सामान, जिनका इस्तेमाल नहीं किया गया था, उन्हें मुंबई स्थित सरकारी टकसाल में पिघलाकर 24 कैरेट की छड़ों में बदल दिया गया और स्वर्ण निवेश योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक में निवेश कर दिया गया।

### चांदी पिघलाने की भी योजना

मानव संसाधन एवं संवर्द्धन विभाग के नियंत्रण में मंदिरों में अप्रयुक्त एवं अनुपयोगी चांदी की वस्तुओं को सरकार द्वारा अनुमोदित निजी चांदी प्रगलन कंपनियों द्वारा मंदिर परिसर में तीन न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली क्षेत्रीय समितियों की उपस्थिति में शुद्ध चांदी की सिल्लियों में पिघलाने की अनुमति दी गई है।

# बहादुरशाह जफर की पेंटिंग, औरंगजेब समझकर कालिख पोती

**गाजियाबाद।** हिंदू रक्षा दल के लोगों ने शुक्रवार को औरंगजेब का गुस्सा बहादुरशाह जफर की पेंटिंग पर निकाल दिया क्योंकि उनको दोनों मुगल शासकों में अंतर नहीं समझ आया। यह वाकया उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर हुआ, जहां स्टेशन के अंदर दीवार पर अंति मुगल शासक बहादुरशाह जफर की पेटिंग बनी थी। हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार दोपहर को पहुंचकर उस पर कालिख पोती और उस पर स्प्रै से हिंदू रक्षा दल लिख दिया।

■ गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर हिंदू संगठन का हंगामा



### रेलवे प्रशासन दर्ज कराएगा शिकायत

मामले पर उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के मंडलीय रेलवे प्रबंधक पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने कहा कि वह पेंटिंग औरंगजेब की नहीं बल्कि बहादुरशाह जफर की थी, जिन्होंने 1857 की लड़ाई में अपनी बड़ी भूमिका निभाई थी, उनकी पेंटिंग पर कालिख पोतकर अच्छा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि किसी को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का अधिकार नहीं है, यह मामला संज्ञान में आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।

*आरजेडी की कांग्रेस को* **दो टूक**

# तेजस्वी ही होंगे सीएम का चेहरा

### महागठबंधन में सीएम फेस पर रार!



एजेंसी ▸▸ पटना

पटना में हुई महागठबंधन की बैठक में सीएम फेस को लेकर सहमति नहीं बन सकी। तेजस्वी यादव के कहने के बावजूद कांग्रेस प्रभारी ने सीएम फेस के लिए तेजस्वी के नाम का ऐलान नहीं किया और बात आई गई हो गई लेकिन उसके दूसरे ही दिन आऱजेडी ने कांग्रेस को दो टूक शब्दों में जवाब दिया है और कहा है कि तेजस्वी यादव ही महागठबंधन के सीएम फेस होंगे। इधर महागठबंधन में शामिल वीआईपी ने भी 60 सीटों पर दावा ठोक दिया है।

### वीआईपी ने की 60 सीटों की मांग

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव में 243 में से 60 सीटों की मांग की है। सहनी की वीआईपी ने 60 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है। सहनी तेजस्वी यादव से बेहद करीबी माने जाते हैं। लोकसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के साथ वह साये की तरह घूमते नजर आए थे। इसलिए, वह महागठबंधन की बैठक में बुलाए गए।

दरअसल, गुरुवार को आऱजेडी दफ्तर में बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन की अहम बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के बाद बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने ऐलान किया कि महागठबंधन में को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया है और तेजस्वी यादव इस कमेटी का नेतृत्व करेंगे हालांकि महागठबंधन का सीएम फेस कौन होगा, इस सवाल पर उन्होंने चुप्पी साध ली हालांकि तेजस्वी ने गेंद कांग्रेस प्रभारी के पाले में डाल दी थी।

### कांग्रेस तेजस्वी को सीएम चेहरा मानने तैयार नहीं

आरजेडी पहले ही तेजस्वी यादव को सीएम फेस बचा चुकी है हालांकि कांग्रेस तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा मानने को तैयार नहीं है। बिहार कांग्रेस प्रभारी स्पष्ट तौर पर इसको लेकर कोई बयान नहीं दिया। जिसके बाद अब आरजेडी ने कांग्रेस को दो टूक जवाब दिया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com, त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130



# ‘ठग लाइफ’ का जारी हुआ पहला गाना

**मुंबई।** कमल हासन की फिल्म ‘ठग लाइफ’ रिलीज होने वाली है। शुक्रवार को चेन्नई में इस फिल्म की पहली प्रेस मीट हुई। प्रेस मीट में अभिनेता कमल हासन, निर्देशक मणिरत्नम और म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान पहुंचे। शुक्रवार को फिल्म का पहला गाना ‘जिंगुचा’ लॉन्च किया गया। ‘ठग लाइफ’ पांच जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर महेंद्रन और शिवा अनंत निर्मित ‘ठग लाइफ’ में कई बेहतरीन कलाकार भी शामिल हैं।

## लाइफ Style



# वाणी

## ‘रेड 2’ से संभलेगी लड़खड़ाते कॅरियर की गाड़ी


बॉलीवुड में वाणी कपूर के कॅरियर को 12 साल हो चुके हैं। अब तक इस एक्ट्रेस के खाते में चुनिंदा फिल्में ही हैं। साथ ही चंद फिल्मों में से कुछ ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। जल्द ही वाणी, अजय देवगन की फिल्म ‘रेड 2’ में दिखेंगी। जानिए, ‘रेड 2’ से पहले वाणी की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा है? यशराज फिल्म्स की फिल्म ‘शुद्ध देसी रोमांस(2013)’ से वाणी कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मनीष शर्मा निर्देशित इस फिल्म में वाणी के अलावा सुशांत सिंह राजपूत और परिणीति चोपड़ा ने भी अभिनय किया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 46.60 करोड़ रुपए कमाए और इसका बजट 22 करोड़ रुपये बताया जाता है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर ‘शुद्ध देसी रोमांस’को हिट माना गया है। वाणी ने 2016 में दूसरी हिंदी फिल्म ‘बेफ्रिके’ भी यशराज बैनर तले ही की। इसमें वह रणवीर सिंह के साथ रोमांस करती नजर आईं। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 60.24 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। इस फिल्म को एवरेज ही माना गया।

ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के एक्शन से सजी फिल्म ‘वॉर(2019)’ में वाणी कपूर भी नजर आईं। इस फिल्म में वह ऋतिक रोशन के किरदार कबीर की गर्लफ्रेंड के रोल में दिखीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 318 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जबकि इसका बजट 170 करोड़ रुपये बताया गया है। इस तरह वाणी को ऋतिक की वजह से अपने कॅरियर में एक बड़ी हिट फिल्म मिली। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशित किया था। साल 2021 में आयुष्मान खुराना के साथ वाणी कपूर ने एक फिल्म ‘चंड़ीगढ़ करे आशिकी’ की। इस फिल्म को अभिषेक कपूर ने निर्देशित किया था।

# ‘केसरी चैप्टर 2’ ने जीता फैंस का दिल




**मुंबई।** अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग’ 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार की अनकही कहानी को पर्दे पर लाती है। जहां पहली ‘केसरी’ फिल्म सारागढ़ी की जंग पर आधारित थी। वहीं, दूसरा चैप्टर कोर्ट रूम ड्रामा है। फिल्म में वकील सी शंकरन नायर की ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है, जो इस दुखद घटना की सच्चाई को दुनिया के सामने लाने की कोशिश करते हैं। रघु पलट और पुष्पा पलट की किताब ‘द केस दैट शुक द एम्पायर’ पर आधारित यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। रिलीज के साथ ही ‘केसरी चैप्टर 2’ को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक्स पर एक यूजर ने लिखा, ‘अक्षय कुमार इस रोल में शानदार लगे हैं, यह किरदार उनके जैसे दमदार एक्टर के लिए ही था।

# राधिका आप्टे ने शेयर किया अपनी फिल्म का पोस्टर



**मुंबई।** राधिका आप्टे ने अपने सोशल मिडिया पर अपनी फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके अंदाज ने लोगों को चौंका दिया है। इस पोस्टर में अभिनेत्री हाथ में झाड़ और कमर साड़ी बांधे हुईं नजर आ रही हैं। अभिनेत्री राधिका आप्टे ने अपने इंस्ट्ग्राम पर एक स्टोरी लगाई है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म ‘सिस्टर मिडनाइट’ का एक पोस्टर शेयर किया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्टर को शेयर किया है, उस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, ‘सिस्टर मिडनाइट के यूएस टैक्सी ड्राइवर से प्रेरित आधिकारिक पोस्टर की पहली झलक।’ इसके अलावा लिखा कि फिल्म का निर्देशन और लेखन का काम करण कंधारी द्वारा किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा कि यह फिल्म 16 मई को पहले न्यूयॉर्क में फिर 23 मई को लॉस एंजिलस में और उसके बाद बाकी शहरों में रिलीज की जाएगी। वहीं, आपको बताते चलें कि इस पोस्टर को जेम्स पैटरसन द्वारा डिजाइन किया गया है। राधिका आप्टे के इस लुक पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

# जाट की पकड़ बरकरार सिकंदर का खेल खत्म



**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर तीन बड़ी फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। इनमें ‘जाट’ अपनी मजबूत पकड़ के साथ बाजी मार रही है। इस एक्शन से भरपूर फिल्म ने दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाई है और मजबूती से टिकट खिड़की पर टिकी हुई है। दूसरी ओर, अजित कुमार की ‘गुड बैड अग्ली’ अपने बड़े बजट के हिसाब से उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। हालांकि, यह स्थिर कमाई कर रही है। वहीं, सलमान खान की ‘सिकंदर’ का हाल बेहाल है, जिसकी कमाई अब लगभग ठप हो चुकी है। ‘जाट’ ने अपनी रिलीज के बाद से ही दर्शकों का ध्यान खींचा है। गुरुवार को फिल्म ने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन 61.5 करोड़ रुपए हो गया है। फिल्म की कहानी, दमदार एक्शन सीक्वेंस और किरदारों की गहराई ने इसे दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाया है। सलमान खान की ‘सिकंदर’ बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है। 19वें दिन फिल्म ने मात्र 15 लाख रुपए का कलेक्शन किया, जिसके साथ इसकी कुल कमाई 109.9 करोड़ रुपए हो गई है। सलमान के स्टारडम को देखते हुए यह प्रदर्शन निराशाजनक है। कमजोर स्क्रिप्ट और दिशाहीन कहानी ने फिल्म को शुरुआत से ही नुकसान पहुंचाया। बॉक्स ऑफिस पर यह इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बन चुकी है। ‘गुड बैड अग्ली’ ने अपने आठवें दिन यानी गुरुवार को पांच करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

# इन फिल्मों में दिखी इंटरनेट और सोशल मीडिया के फैले जाल की कहानी



**नई दिल्ली।** वर्तमान दौर इंटरनेट और सोशल मीडिया का है। बॉलीवुड में भी सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते वर्चस्व और इससे होने वाले खतरों को दिखाया गया है। इरफान खान के बेटे बाबिल खान की हालिया रिलीज फिल्म ‘लॉगआउट’में एक बार फिर सोशल मीडिया और इंटरनेट के वर्चस्व को दिखाया गया है। लेकिन, लॉगआउट से पहले भी कई ऐसी फिल्में और सीरीज आ चुकी हैं, जिनमें इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया को दिखाया गया है।

### लवयापा

इसी साल फरवरी में आई आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म ‘लवयापा’भी एआई और डीपफेक पर एक करारा प्रहार है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे आजकल के दौर में सोशल मीडिया युवाओं के लिए कितना जरूरी हो गया है और वो अपने फोन के बिना नहीं रह सकते हैं। साथ ही डीपफेक पर भी फिल्म में तगड़ा कटाक्ष है।

### सीटीआरएल

पिछले साल आई अनन्या पांडे की फिल्म ‘सीटीआरएल’ या कंट्रोल में भी सोशल मीडिया और इंटरनेट की दुनिया को ही दिखाया गया है। सीटीआरएल की कहानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर आधारित है। कैसे दो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का पहले ब्रेकअप होता है और फिर उनकी जिंदगी में एआई आ जाता है, जो उनकी पूरी जिंदगी बदलकर रख देता है।

### लॉगआउट

दिग्गज अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान की हालिया रिलीज फिल्म ‘लॉगआउट’ आज की जेनेरेशन के फोन में घुसे रहने और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनने की एक कहानी है। फिल्म में बाबिल एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बने हैं। जिसके 10 मिलियन फॉलोअर होने वाले हैं। ये होने पर उसे एक बड़ा ब्रांड मिल सकता है लेकिन इसका एक कंपीटीटर है जो इसी रेस में है। फिर अचानक उसके साथ कुछ ऐसा हो जाता है कि उसकी जिंदगी बदल जाती है। उसका सब कुछ दांव पर लग जाता है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी —सुविधा हमारी—
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) **कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन** 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.(RO-7305)

**आवश्यकता है-** रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर **संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹** 7828901614, 7828901615. (RO-035)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर की आवयश्कता है सैलरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भटागांव चौक रायपुर संपर्क- 9826129026,** 9300129026 (RO-172)

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी के डिपो में काम करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर **संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 7828901614,** 7828901615. (RO-034)

### शिक्षक/ शिक्षिका

**आवश्यकता है-** श्री वेदांता पब्लिक स्कूल बिरगांव, रायपुर (अंग्रेजी माध्यम ) में कक्षा 6वीं से कक्षा 10वीं तक गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषय में अध्यापन कार्य हेतु (10 पद) शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। बी.एड, डी. एड. एवं अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करें-** 9111157615 (RO-7303)

### मुंशी/एकाउंटेंट

**आवश्यकता है-** कोल्ड स्टोरेज मे कार्य करने हेतु - मुंशी 2 पद, एकाउंटेंट 1 पद की आवश्यकता है, अनुभव 3 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार। **पता - बेनी कोल्ड स्टोरेज रिंग रोड नं. 3, गिरोद, रायपुर मो. नं.** 9009491669. (RO-7094)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। **संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो .** 7469980000, 07714075490 (RO-7098)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** पैरामेडिकल, OT टेक्नीशियन, नर्स, ड्राइवर रहने की सुविधा **कैलाश कान्ता हॉस्पिटल जोरा ओवर ब्रिज के नीचे रायपुर** 9300734153, 07712994153.(RO-597)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** शंकर नगर ऑफिस में ऑफिस बॉय एवं गर्ल की आवश्यकता है, जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति संपर्क करें। **मोबाइल:** 9300532000. (RO-352)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क-** 8898306907.(आरो नं.-721)

### सेल्स एक्जीकेटिव

**Requirment-** Urgent Required SALES EXECUTIVE Any graduate (Freshers/ Experience) Male/Female Location:- Devpuri, Raipur Company - Camco Industries Salary - 10,000-15,000/- Contact - 9407620262, 9039097701.(RO-7304)

### ऑफिस असिस्टेंट/बॉय

**आवश्यकता है-** दो पद ऑफिस असिस्टेंट महिला या पुरुष एवं ऑफिस बॉय हेतु बायोडाटा तथा फोटो सहित **कोटा स्टडी सर्किल भाटिया कंपलेक्स राजकुमार कॉलेज के सामने 11 से 4:00 तक संपर्क करें-** 9301547784. (RO-A)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** टाटीबंध स्थित FMCG एजेन्सी कार्य हेतु टाटा एस ड्राइवर, की आवश्यकता है। **संपर्क:- पदमिनी सेल्स कॉरपोरेशन, नियर शिवनाथ हुंडई शो रूम टाटीबंध, रायपुर,** 8959215453, 7582091612.(RO-517)

**आवश्यकता है-** ड्राइविंग स्कूल में काम करने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। **संतोषी नगर, भाटागांव, चंगोरा भाटा** 9826750807, 8319744465. (RO-7089)

**आवश्यकता है-** FMCG एजेंसी में सप्लाई हेतु लड़के एवं TATA Ace चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । अनुभवी जरूरी है वेतन योग्यतानुसार **संपर्क - बालाजी सेल्स कॉरपोरेशन नहर रोड गली नंबर 03 शर्मा जिम के पास कृष्णा नगर रायपुर मो.** 7415763757 (RO-7301)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### मैनेजर/क्लर्क

**आवश्यकता है-** सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर- 22000/-, असिस्टेंट मैनेजर- 21000/- अकाउंट क्लर्क /ऑफिस क्लर्क- 16000/- दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज- 21000/-, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं नया रायपुर के लिए स्टोर होल्डर- 18000/-, बिलिंग क्लर्क /बिल चेकर /एमटीएस- 15000/-, सफाई कर्मी- 10700/- आवेदन Email ID hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 25 अप्रैल 2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें। **संपर्क:-** 9685726593. (RO-048)

### एक्टर(कलाकार)

**आवश्यकता है-** हिंदी फिल्म एवं धारावाहिक में कार्य करने के लिए एक्टर (कलाकार) बनने के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें प्रत्येक रविवार सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे। **ओम आलौकिक आश्रम ग्राम बोरसी (मुरमुंदा) धमधा जिला दुर्ग 7024797456** (RO-3844)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित **संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर मो.-** 8109135400.(RO-516)

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप में डीजल एवं पेट्रोल डालने हेतु स्टॉफ की आवश्यकता है (मेल /फीमेल) **तेलीबांधा, मैग्नेटो मॉल के आगे स्थित मोबाइल 9826147794,** 9893497828 (RO-594)

### वार्डन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** हॉस्टल में आवश्यकता है महिला वार्डन, ड्राइवर + गार्ड, नशा मुक्त एकला व्यक्ति, रहने खाने की सुविधा अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता **जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर पचपेड़ी नाका रायपुर** 8959906595 (RO-7371)

### अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी के अकाउंट्स डिपार्टमेंट में काम करने हेतु फ्रेशर B.COM ग्रेजुएट की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर **संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 7828901614,** 7828901615. (RO-036)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30, **विरदीचंद मानकलाल जैन कंकाली पारा रायपुर** 9425216364, 9340477419. (RO-038)

### घरेलु/मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** घर का घरेलू कार्य Med एवं टेलीकॉलिंग कार्य घर बैठे मार्केटिंग हेतु फीमेल चाहिए! समय 8-6 सैलरी 5,000 - 10000 खाना रहना फ्री आधार फोटो बायोडाटा भेजिए! **संपर्क:- गोकुल टावर गोगांव गुढ़यिारी रायपुर** Call- 9039321951, 9981096590.(RO-047)

### सुपरवाइज/ऑफिस स्टाफ

**आवश्यकता है-**गोडाउन में काम करने हेतु एक सुपरवाईजर कम ऑफिस स्टाफ की आवश्यकता है। उम्र 25 से 30 वर्ष। 1 से 2 वर्ष अनुभवी एवं स्थानीय निवासी को प्राथमिकता। **संपर्क करें:- क्लासिक स्पार्कलर्स,** BSNL OFFICE के सामने फाफाडीह चौक रायपुर वेतन 20000/- 9098092313. (RO-501)

### केयर/टेकर

**आवश्यकता है-** केयर टेकर (देख रेख करने वाली) बच्चों एवं घर के काम हेतु आवश्यकता है रहना खाना फ्री एवं आकर्षक वेतन, **सम्पर्क करें- केरा रोड, जांजगीर** 8604370647.(RO-37470)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है जो छत्तीसगढ़ के बाहर लखनऊ कानपुर में रहकर काम कर सके योग्यता 10वीं से 12वीं वेतन 15000 +बोनस रहना फ्री **संपर्क करें:-** 8120904412. 7580879892. (RO-037)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा, में रह कर काम कर सके वेतन 10,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र **संपर्क करे -** 6395268809, 7252820491.(RO-319)

**आवश्यकता है-** महासमुंद में ऑफिस कार्य हेतु एक 10वीं, 12वीं शिक्षित लड़के की तुरंत आवश्यकता है। आयु सीमा- 16 से 22 वर्ष. रहने, खाने की सुविधा सहित 7000/- मासिक। **संपर्क करें। मोबाइल** 9826126499.(RO-1642)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** लड़कों की वेतन 10000/- , लड़कियों की 7000/- होलसेल बैग दुकान में **हरिओम प्लास्टिक कपडा मार्केट पंडरी गेट न. 8 के सामने,** 9300203900, 7440784646 (RO-595)

### ड्रायवर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** 1.टाटा एस एवं ऑटो ड्राइवरों की जो लोडिंग- अनलोडिंग भी करें रहने की सुविधा उपलब्ध 2. दुकान हेल्पर लड़के - लड़कियों की जो लोडिंग - अनलोडिंग भी करें. 3.कमीशन पर मसाले बेचने सेल्स पर्सनों की। **संपर्क करें-** 94252- 12631, 94255-17056.(RO-168)




### अन्य

**आवश्यकता है-** Forest Department को जिलानुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या-875 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (32500+62500 )रहना +खाना सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (आशीष साहू )- 7460994309. (RO-806)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**बेचना है-** FLAT FOR SALE 6th floor Amlidih 1550 Sqft built up area 3 BHK, 3 Balcony, 2 Lift with power backup Nearby Market and Hospital Call- 9827406686, 9425280803.(RO-046)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### मकान

**मकान बेचना है-** रायपुर संतोषी नगर के प्राइम लोकेशन शुभम- के मार्ट के पीछे कविता नगर (रजा सिटी) में 1000 वर्गफुट में निर्मित न्यू मकान फॉलसेलिंग, वॉलपेपर एवं पंखा और बोर लगा हुआ स्वतंत्र मकान बेचना है **मो.** 7692999909, 7587790092.(RO-3846)

#### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

**गुप्त रोगो का सफल ईलाज**

- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

City_Main_19_2025-09_Layout 1 4/19/2025 12:55 AM Page 1



## जैकेट के शेष

### पंडरी से कारोबारी ...

कर दिया। कारोबारी को महासमुंद पुलिस ने पिथौरा के पास रेस्क्यू किया। बताया जा रहा है कि कारोबारी के खिलाफ झारसुगड़ा में ठगी का मामला दर्ज है, इस वजह से ओडिशा पुलिस कारोबारी की पतासाजी करते सिविल ड्रेस में रायपुर पहुंची और कारोबारी का मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर श्री शिवम पहुंच उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले जा रही थी।

### माड़ और नुआपाड़ा...

चव्हाण व अन्य अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के समर्पण किया।

**दी जाएंगी सुविधाएं :** आत्म समर्पित नक्सलियों को 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के अलावा अन्य सुविधाएं दी जाएगी। समर्पित नक्सलियों में 8-8 लाख के ईनामी नक्सल दंपति माड़ डिवीजन के अंतर्गत पीएलजीए बटालियन नम्बर व प्लाटून नम्बर एक का डिप्टी कमाण्डर मुचाकी जोगा तथा उसकी पत्नी पीएलजीए कम्पनी नम्बर एक की मुचाकी जोगी भी शामिल है। सभी नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

**समर्पित नक्सलियों में यह शामिल :** समर्पण करने वाले नक्सलियों में डिप्टी कमाण्डर मुचाकी जोगा, मुचाकी जोगी, किकिड़ देवे, मनोज उर्फ दूधी बुधरा, माड़वी भीमा, माड़वी सोमड़ी, संगीता उर्फ हड़मे, माड़वी कोसी, वंजाम सन्नी, माड़वी मंगली, ताता बण्डी समेत 22 नक्सली शामिल है।

## पेज एक के शेष

### मनमानी रोकने इस ...

है। गोपनीयता बनाए रखने के लिए थर्ड पार्टी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है।

### इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ...

कहा, अगले महीने एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन तय है। भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक निर्णायक अध्याय लिखने के लिए तैयार है। इसरो नई सीमाओं को निर्धारित करने के साथ ही एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष मिशन में भेजने के लिए तैयार है। गगनयान की तैयारियों, आईएसएस मिशन और भारत के अंतरिक्ष सपने और भी ऊंचे उठ रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ समेत कई ....

अप्रैल को ओलावृष्टि और 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाली आंधी की आशंका है। यह मौसमी बदलाव जहां गर्मी से राहत देगा, वहीं भारी बारिश, आंधी और ओलावृष्टि के कारण कुछ इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। खासकर, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों में प्रशासन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। बंगाल की खाड़ी से उठा यह चक्रवात न केवल मौसम को प्रभावित कर रहा है, बल्कि किसानों और आम जनजीवन के लिए भी नए हालात पैदा कर रहा है। इधर, छत्तीसगढ़ में मौसम में बदलाव के पीछे कई मौसमी प्रणालियां सक्रिय हैं। एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से मन्नार की खाड़ी तक लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैली हुई है। वहीं दूसरी द्रोणिका उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश से होते हुए उत्तर छत्तीसगढ़ और असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

इसके अलावा बिहार के ऊपर लगभग 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय है। इन मौसमी गतिविधियों की वजह से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में दिनभर धूप के बाद शाम को मौसम में बदलाव आ रहा है।

**दक्षिण में हल्की और मध्यम बारिश :** केरल और माहे में अगले सात दिनों तक बिखरी हुई से व्यापक हल्की और मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटा, कभी-कभी 60 किमी/घंटा) की संभावना है। उत्तर आंतरिक कर्नाटक में 17 और 18 अप्रैल को 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार वाली आंधी की चेतावनी है।

### 126 दिनों बाद ....

संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस मौजूद रहे।

### पूर्व सीएम जगन ....

मामले दर्ज होने के 14 साल बाद हुई है। ईडी ने यह कार्रवाई केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा 2011 में दर्ज किए गए एक पुराने मामले के आधार पर की है। उस मामले में डीसीबीएल ने भारती सीमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया था। जगन मोहन रेड्डी के कार्मेल एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड, सरस्वती पावर एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और हर्षा फर्म में शेयर जब्त किए गए हैं। डीसीबीएल को यह जब्ती आदेश 15 अप्रैल, 2025 को मिला, जबकि यह आदेश 31 मार्च को ही जारी कर दिया गया था। जमीन की शुरुआती खरीद कीमत 377 करोड़ रुपए थी।

### यूनेस्को के 'विश्व स्मृति ....

पर भी समयानुसार जोर दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसे 'दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण' बताया। उन्होंने कहा, गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल किया जाना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना को पोषित किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है। नाट्यशास्त्र को कलाओं का एक मौलिक ग्रन्थ माना जाता है। यूनेस्को ने 17 अप्रैल को अपने विश्व स्मृति रजिस्टर में 74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रह जोड़े, जिससे कुल अंकित संग्रहों की संख्या 570 हो गई है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कहा कि यह भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि यह भारत की शाश्वत मेधा और कलात्मक प्रतिभा का सम्मान है।

# मप्र हाईकोर्ट के जमानत इंकार पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, कहा-आपने नया कानून बना दिया

हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा था कि जमानत तभी दी जा सकती है जब दोषी अपनी आधी सजा काट चुका हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले पर नाराजगी जताई है जिसमें हाईकोर्ट ने एक दोषी को जमानत देने से यह कहकर मना कर दिया कि जमानत तभी दी जा सकती है जब दोषी अपनी आधी सजा काट चुका हो। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुयान शामिल थे, ने इस फैसले को 'नए कानून की खोज' बताते हुए कहा कि हाईकोर्ट का यह निर्णय कानून में कहीं नहीं लिखा है और यह पूरी तरह गलत है। दरअसल, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसकी जेब से रिश्वत के पैसे बरामद हुए थे। हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक आरोपी अपनी आधी सजा नहीं काट लेता, तब तक जमानत नहीं दी जा सकती।

**हाईकोर्ट ने क्या तर्क दिया था?:** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था, आरोपी की जेब से रिश्वत के नोट मिले हैं और उसकी ओर से इसका कोई सही जवाब नहीं आया है। यह आरोपी की दूसरी जमानत याचिका थी, जो पहली याचिका खारिज होने के सिर्फ दो महीने बाद दायर की गई थी। इसलिए, आरोपी को जमानत की मांग दोबारा तभी करनी चाहिए जब वह अपनी आधी सजा काट चुका हो।

**सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी:** सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जमानत से जुड़े कानून पहले से तय हैं और अदालतों को उन्हीं का पालन करना चाहिए। छोटे-मोटे मामलों में जमानत न देना, खासकर जब ट्रायल लंबा चलने वाला हो, न्याय के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार कह चुका है कि अगर अपील पर जल्दी सुनवाई संभव नहीं है, तो दोषियों को जमानत मिलनी चाहिए।

## 'हाईकोर्ट ने कानून का सही इस्तेमाल नहीं किया'



इसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम हैरान हैं कि हाईकोर्ट ने कानून का ऐसा नया सिद्धांत बना दिया, जिसका कोई आधार नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जब ऊपरी अदालतों में अपीलों की संख्या बहुत ज्यादा हो और जल्दी सुनवाई की कोई उम्मीद न हो, तो ऐसे मामलों में दोषियों को जमानत मिलनी चाहिए। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को मौजूदा कानूनों के आधार पर फैसला करना चाहिए था। किसी को मजबूर नहीं किया जाना चाहिए कि वह सुप्रीम कोर्ट तक आए सिर्फ इसलिए कि निचली अदालत या हाईकोर्ट ने कानून का सही इस्तेमाल नहीं किया।

### इधर, मप्र हाई कोर्ट की डीआईजी को फटकार लगाया 5 लाख का जुर्माना

*ग्वालियर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में कथित तौर पर तथ्य छिपाने के लिए भोपाल के डीआईजी मयंक अवस्थी को कड़ी फटकार लगाई। इतना ही नहीं उन पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी ठोंक दिया। जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने कहा कि अवस्थी को देश के कानून की कोई परवाह नहीं है और वह अपनी मर्जी और इच्छा के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी के तौर पर काम कर रहे हैं।*

बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं

# 60 साल की उम्र में दिलीप घोष ने रिंकू मजूमदार से रचाई शादी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष 60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंध गए हैं। उनकी दुल्हन भाजपा की सहयोगी रिंकू मजूमदार बनीं। बताया गया है कि शादी शुक्रवार को कोलकाता में उनके आवास पर हुई। 60 वर्षीय भाजपा नेता अब तक अविवाहित थे। सूत्रों के मुताबिक, कुणाल घोष और देबांगशु भट्टाचार्य सहित कई तृणमूल नेताओं ने इस अवसर पर भाजपा नेता को बधाई दी। दिलीप घोष के करीबी लोगों के हवाले से बताया कि दोनों की मुलाकात सुबह की सैर के दौरान हुई और समय के साथ उनका रिश्ता मजबूत होता गया। न्यू टाउन में एक निजी समारोह में दोनों की शादी होगी, जिसमें करीबी रिश्तेदार भी शामिल होंगे। कहा यह भी जा रहा है कि शादी का प्रस्ताव दुल्हन पक्ष की ओर से दिया गया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सुबह घोष के न्यू टाउन स्थित आवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।



मवेशी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित

# नहर में कार गिरने से एयर होस्टेस की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित होली क्रॉस स्कूल के पास गुरुवार रात करीब 9 बजे कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार एयर होस्टेस की मौत हो गई, जबकि कार चला रहे युवक समेत तीन युवक घायल हुए हैं। हादसा मवेशी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क से नहर में जा घुसी थी। एएसआई रूपेश नर्रे ने बताया कि हर्षिता शर्मा पिता प्रदीप शर्मा (22) बिजली नगर कॉलोनी, पिपलानी में रहती थी। वह एयर इंडिया में एयर होस्टेस थी। गुरुवार को वह बेंगलोर से भोपाल आई थी। रात में अपने दोस्त सुजल, जय सिंह और आयुष के साथ वह कार से घूमने ने निकली। सभी लोग कोलार डैम की तरफ जा रहे थे। सभी लोग होली क्रॉस स्कूल से कुछ दूरी पर सेमरी रोड पर पहुंचे थे, तभी रात करीब 9 बजे नहर के पास सड़क पर गाय आ गए। एकाएक सड़क पर आई गाय को बचाने जय सिंह से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर नहर में जा घुसी।



# परीक्षा केंद्र पर छात्रों के जनेऊ उतरवाने के विवाद के बाद बैकफुट पर सरकार

## घटना कर्नाटक के बीदर और शिवमोग्गा जिलों का

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में परीक्षा के दौरान छात्रों के जनेऊ उतराने के लिए कहने पर विवाद हो गया। दरअसल कर्नाटक की कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की परीक्षा के दौरान कुछ छात्रों ने आरोप लगाए कि परीक्षा से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहा गया। यह घटना कर्नाटक के बीदर और शिवमोग्गा जिलों में घटी। विवाद के बाद कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया।

### छात्र ने जनेऊ उतारने से किया इनकार, परीक्षा छोड़ी

कर्नाटक में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) आयोजित किया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, बीदर में, एक छात्र को गुरुवार सुबह गणित का पेपर लिखे बिना घर लौटना पड़ा, क्योंकि साईं स्फूर्ति कॉलेज में परीक्षा केंद्र पर स्क्रीनिंग कमेटी ने कथित तौर पर उससे परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले जनेऊ उतारने को कहा।

### लड़के की गुहार को किया अनसुना

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'लड़के ने स्टाफ से गुहार लगाई कि उसे हॉल में जाने दिया जाए क्योंकि जनेऊ पहनकर उसके किसी भी तरह के गलते में शामिल होने की कोई गुंजाइश नहीं थी लेकिन इसके बावजूद, स्टाफ ने उसे प्रवेश नहीं दिया और उसे जनेऊ उतारकर ही परीक्षा हॉल में प्रवेश करने के लिए कहा। हालांकि छात्र ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और गणित का पेपर दिए बिना ही केंद्र से चला गया।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने कार्रवाई की कही बात

कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर ऐसी कोई घटना हुई है तो यह निंदनीय है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कानून के मुताबिक जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की बात कही। बीदर की डिप्टी कमिश्नर शिल्पा शर्मा ने बताया कि जैसे ही मामला उनके संज्ञान में आया, उक्त केंद्र के मुख्य परीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस तरह की प्रथाओं के सख्त खिलाफ है। हालांकि अभी तक भिभावकों की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

**दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक युवक की दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

### असम पंचायत चुनाव में 348 सीटों पर निर्विरोध फैसला, 325 पर राजग की जीत : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में पंचायत प्रणाली की कुल 348 सीटों पर निर्विरोध फैसला हुआ है, जिनमें से 325 सीटें भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जीती हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि निर्विरोध सीटों की संख्या शनिवार को जारी की जाएगी। पंचायत चुनाव के लिए मतों की गिनती 11 मई को होगी। ग्राम पंचायतों में कुल 21,920 सीटें, आंचलिक परिषदों में 2,192 सीटें और जिला परिषदों में 397 सीटें हैं। त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के लिए मतदान दो चरणों में दो मई और सात मई को कराए जाएंगे। सरमा ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 18 रही है।



# गुजरात में आप के साथ चुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस, उपचुनाव में अकेले आजमाएगी किस्मत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में होने वाले उपचुनाव को लेकर ग्रैंड ओल्ड पार्टी 'कांग्रेस' और आम आदमी पार्टी की राहें अब अलग हो चुकी हैं। गुजरात कांग्रेस ने दो सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अकेले किस्मत आजमाने का फैसला किया है। गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने शुक्रवार को ऐलान किया कि पार्टी उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

**राष्ट्रीय स्तर पर दोस्त यहां अलग-अलग**

कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि पार्टी ने उपचुनाव के लिए आप से दूर रहने का फैसला किया है, क्योंकि केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने बिना उससे परामर्श के विसावदर सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के रुख के बावजूद दोनों पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर इंडी गठबंधन का हिस्सा बनी रहेंगी।

**आप ने नहीं निभाया गठबंधन धर्म :** गोहिल ने संकेत दिया कि आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद विसावदर सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर 'गठबंधन धर्म' को नहीं निभाया। हालांकि, चुनाव आयोग ने अभी तक उपचुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं किया है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने पिछले महीने आप नेता गोपाल इटालिया को विसावदर सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया था।

### मां ने दो मासूम बच्चों को उतारा मौत के घाट

**हैदराबाद।** तेलंगाना से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आ रही है। यहां एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि गजुलारामरम के बालाजी लेआउट इलाके में 35 वर्षीय महिला ने अपने दो बच्चों को चाकू घोंप दिया।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

# सख्तीः सफलता की गारंटी नहीं दें कोचिंग सेंटर, होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कोचिंग सेंटरों को भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा है। बृहस्पतिवार को जारी नोटिस में कहा गया है कि विज्ञापनों में भ्रामक दावे न हों और छात्रों से महत्वपूर्ण जानकारी न छिपाई जाए। कोचिंग सेंटरों को सफलता की गारंटी का आश्वासन देने से बचना चाहिए।

उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि गारंटीड प्लेसमेंट या गारंटीड रैंक कहने वाले आईआईटी-जेईई कोचिंग सेंटरों को भ्रामक विज्ञापन का प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया है। ऐसे कोचिंग संस्थानों को नोटिस दिया जा रहा है। सीसीपीए ने पिछले तीन वर्षों में भ्रामक विज्ञापनों, अनुचित व्यापार प्रथाओं और कोचिंग सेंटरों की ओर से उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई की है। सीसीपीए ने 49 नोटिस जारी किए हैं और 24 कोचिंग सेंटरों पर 77.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इन संस्थानों को भ्रामक विज्ञापन बंद करने का निर्देश दिया गया है।

### इन जानकारियों का प्रदर्शित करना होगा

कोचिंग सेंटरों को विज्ञापनों में छात्र का नाम, रैंक, कोर्स का प्रकार और कोर्स के लिए भुगतान किया गया था या नहीं, सहित प्रमुख विवरणों का स्पष्ट रूप से खुलासा करना चाहिए। अस्वीकरण यानी डिस्क्लेमर को अन्य अहम जानकारी की तरह ही प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

### इन मामलों को लेकर जारी किया गया नोटिस

आईआईटी-जेईई और एनईईटी जैसी परीक्षाओं के परिणामों की हाल ही में घोषणा के बाद सीसीपीए ने पाया कि कोचिंग सेंटर भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिन मामलों में नोटिस जारी किया गया है, उनमें प्लेसमेंट या चयन की गारंटी, जेईई या नीट में रैंक का आश्वासन, उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापन, वादे के बाद भी सेवाएं नहीं देने के साथ प्रवेश रद्द करना लेकिन शुल्क वापस नहीं करना और सेवा शुल्क में कमी शामिल हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: eT-North-WAT-09-2025
दिनांक: 11.04.2025

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/रायगड़ा के अधिकार क्षेत्र में रायपुर-विजयनगरम लाइन पर बोब्बिली में 15 बिस्तरों वाले आरपीएफ बैरक का निर्माण।

**कार्य की अनुमानित लागत:** ₹64,02,957.21

ईएमडी: ₹1,28,100/-, पूर्णता अवधि: 8 (आठ) माह

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 06.05.2025 को 1500 बजे।

इन ई-निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

उपरोक्त ई-निविदा के लिए ई-निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**नोटः** भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 15 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। वेबसाइट: www.ireps.gov.in

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग) वाल्टियर
PR-51/Q/25-26


**गुमशुदा**



नाम- **सागर मुकेश जैन**, उम्र 24 वर्ष, रंग गोरा, भाषा हिंदी, उंचाई 5 फूट 6 इंच, दुबला पतला, पिले रंग की टि-शर्ट और सिमेंट रंग का पैंट पहना है। यह लड़का मतिमंद है। दिनांक 29.10.2024 से लापता है। यह लड़का मम्मी के पास जाना है, महेंद्र नगर जाना है, कपिल नगर जाना है बोलता है। यह नागपुर का रहनेवाला है। आखरी बार मौदा में दिनांक 20.11.24 को देखा गया है। इसकी हालत बहुत खराब है। इसके पास जाकर इसको पहचाना जाए, इस वर्णन का लड़का दिखे तो तुरंत दिये गये नंबर पर जानकारी दे, अथवा पुलिस स्टेशन में पहुंचा दिया जायें ढूंढकर लानेवाले को **15000/- रुपये नगद ईनाम दिया जायेगा।**

**संपर्कः**
**मो.- 9322877242, 8975322601, 8888269560**

## शब्द पहेली - 5841



**बाएँ से दाए**

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 5840 का हल



## सूडोकू नवताल - 5851

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5850 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# वेम्बू ने भारतीय साफ्टवेयर उद्योग में बदलाव की दी चेतावनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जोहो के श्रीधर वेम्बू ने भारत के सॉफ्टवेयर और आईटी सेवा क्षेत्र के भविष्य के बारे में चेतावनी देते हुए तर्क दिया है कि उद्योग एक बुनियादी बदलाव का सामना कर रहा है।

- आईटी उद्योग ने प्रतिभाओं को अपने में समाहित किया

श्रीधर ने कहा कि यह न केवल चक्रीय नरमी या कृत्रिम मेधा (एआई) की चुनौती से जुड़ा मामला है, बल्कि एक संरचनात्मक बदलाव है, जो अगले कई दशकों को नया रूप देगा। वेम्बू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि उत्पादों और सेवाओं में अक्षमताएं लंबे समय से वैश्विक सॉफ्टवेयर उद्योग को परेशान कर रही हैं।

**कहा, उद्योग एक बुनियादी बदलाव का सामना कर रहा**



### एआई से भारत जैसे देश होंगे प्रभावित

विश्लेषकों का कहना है कि एआई से सॉफ्टवेयर के विकास में बहुत मदद मिल सकती है और यह बड़ी टीमों की जरूरत कम कर सकता है। इससे भारत जैसे देश प्रभावित होंगे, जिन्होंने सॉफ्टवेयर निर्यात के इर्द-गिर्द अपनी अर्थव्यवस्थाएं बनाई है।

### आरएंडडी के लिए दिया सीईओ के पद से इस्तीफा

श्रीधर ने जनवरी में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आईटी फर्म में सीईओ के पद से इस्तीफा दे दिया था। वेम्बू ने कहा कि सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाओं के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में भारत ने इन अक्षमताओं के साथ तालमेल बिठाया है और यहां तक कि इन पर भरोसा भी किया है।

### चक्रीय नरमी नहीं

वेम्बू ने लिखा, ''हम जो देख रहे हैं, वह केवल चक्रीय नरमी नहीं है और यह केवल एआई से संबंधित नहीं है। शुल्क द्वारा प्रेरित अनिश्चितता के बिना भी, आगे परेशानी थी। वेम्बू ने कहा, ''व्यापक सॉफ्टवेयर उद्योग उत्पादों और सेवाओं दोनों में काफी अक्षम रहा है। ये अक्षमताएं दशकों तक चले परिसंपत्ति बुलबुले के दौरान जमा हुई हैं।''

### वेम्बू की टिप्पणी बढ़ाएगी चिंता

वेम्बू ने कहा, ''आईटी उद्योग ने उन प्रतिभाओं को अपने में समाहित कर लिया है, जो विनिर्माण या बुनियादी ढांचे में जा सकती थीं। वेम्बू की टिप्पणी सॉफ्टवेयर उद्योग के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है, क्योंकि एआई और स्वचालन पारंपरिक व्यापार मॉडल को खत्म करने की चुनौती पेश कर रहे हैं।

## विश्व व्यापार संगठन के समक्ष अपना रुख स्पष्ट किया

# इस्पात, एल्यूमिनियम पर शुल्क सुरक्षा कारणों से, बचाव उपायों के आधार पर नहीं : अमेरिका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका ने वैश्विक व्यापार निकाय विश्व व्यापार संगठन से कहा है कि इस्पात तथा एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया और इसे बचाव के लिए उठाया गया कदम नहीं माना जाना चाहिए।

भारत के 11 अप्रैल को अमेरिका के साथ डब्ल्यूटीओ के बचाव समझौते के तहत परामर्श का अनुरोध करने के बाद अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समक्ष अपना रुख स्पष्ट किया है। भारत ने कहा था कि अमेरिका द्वारा इन उपायों को सुरक्षा उपाय बताए जाने के बावजूद ये मूलतः बचाव के लिए उठाए गए कदम हैं। इससे अमेरिका बचाव उपायों को लागू करने के निर्णय के बारे में बचाव समझौते (एओएस) के एक प्रावधान के तहत डब्ल्यूटीओ सुरक्षा समिति को सूचित करने में विफल रहा है।



- भारत ने कहा, अमेरिका इसे सुरक्षा उपाय बता रहा
- बावजूद ये मूलत: बचाव के लिए उठाए गए कदम हैं
- अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुरक्षा समिति को सूचित करने में विफल रहा

### अमेरिका ने व्यापार निकाय को भेजा था पत्र

अमेरिका ने 17 अप्रैल को व्यापार निकाय को भेजे एक पत्र में कहा, '' अमेरिका ने पाया कि बचाव उपायों पर समझौते के अनुच्छेद 12.3 के तहत परामर्श के लिए भारत के अनुरोध का आधार यह है कि शुल्क बचाव के लिए उठाया गया कदम है... (अमेरिका के) राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने धारा 232 के तहत इस्पात तथा एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाया, जिसके तहत राष्ट्रपति ने निर्धारित किया कि शुल्क इस्पात और एल्यूमिनियम वस्तुओं के आयात को समायोजित करने के लिए आवश्यक हैं जिससे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने की आशंका है।''

### धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा कानून है

अमेरिका ने कहा कि धारा 232 एक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून है तथा शुल्क को शुल्क एवं व्यापार पर सामान्य समझौते (जीएटीटी) 1994 के एक प्रावधान के तहत सुरक्षा अपवाद के तहत रखा जा रहा है। इसमें कहा गया है कि ये शुल्क 1974 के व्यापार अधिनियम के प्रावधान के तहत नहीं लगाए गए हैं, जिसके तहत अमेरिका बचाव उपाय लागू करता है।

### 12 मार्च 2025 से हुआ प्रभावी

इस वर्ष 10 फरवरी को अमेरिका ने इस्पात और एल्यूमिनियम वस्तुओं के आयात पर बचाव उपायों को संशोधित किया, जो 12 मार्च 2025 से प्रभावी हुए और इनकी अवधि असीमित है।




### प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई नहीं

अमेरिका ने कहा, '' अमेरिका बचाव उपायों/आपात कार्रवाई प्रावधान के अनुरूप इन कार्रवाइयों को जारी नहीं रख रहा है... ये कार्रवाइयां बचाव में उठाया गया कदम नहीं हैं और इसलिए इन उपायों के संबंध में बचाव समझौते के तहत परामर्श करने का कोई आधार नहीं है।''

### भारत के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार

इसमें कहा गया, तदनुसार, परामर्श के लिए भारत का अनुरोध...बचाव उपायों पर समझौते के तहत कोई आधार नहीं रखता है...फिर भी, हम भारत के साथ इस या किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका ने आठ मार्च 2018 को इस्पात तथा एल्यूमिनियम के कुछ उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत मूल्यानुसार शुल्क की घोषणा की थी जो 23 मार्च 2018 से लागू हुए।

# निवेशकों की संपत्ति चार दिन में 25.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सेंसेक्स और निफ्टी में छह फीसदी से अधिक तेजी आई
- विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजार में हुई वापसी

पिछले चार कारोबारी सत्रों में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में छह प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक, विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजार में वापसी और दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी के कारण बाजार बढ़त में रहा है।

खुदरा मुद्रास्फीति के लगभग छह वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने से भी नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद बढ़ी है।पिछले चार कारोबारी दिनों में बीएसई सूचकांक 4,706.05 अंक यानी 6.37 प्रतिशत बढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 1,452.5 अंक यानी 6.48 प्रतिशत की तेजी रही। इसके साथ, पिछले चार दिन में निवेशकों की संपत्ति 25.77 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,19,60,046.14 करोड़ रुपये (4,900 अरब डॉलर) हो गई। शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के कारण शेयर बाजार बंद हैं। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के अनुसंधान एवं परामर्श के सहायक उपाध्यक्ष विष्णु कांत उपाध्याय के अनुसार, विदेशी कोष प्रवाह, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक तथा आरबीआई द्वारा उदार मौद्रिक नीति रुख अपनाने जैसे कई कारकों ने वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के बावजूद भारतीय बाजारों में तेजी को बढ़ावा दिया है।

*ब्याज दर में कटौती से धारणा हुई मजबूत : उपाध्याय ने कहा कि इसके अलावा, नौ अप्रैल को आरबीआई के ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती तथा इसके रुख को 'तटस्थ' से 'उदार' में बदलने से धारणा मजबूत हुई है।*

### एफआईआई ने एक अरब से अधिक के शेयर खरीदे

उपाध्याय ने कहा, "पिछले तीन कारोबारी सत्रों में, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लंबे समय तक बिकवाली के बाद एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य के भारतीय शेयर खरीदे हैं। इसके अलावा, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा और दोनों देशों के साथ संभावित बातचीत से भी धारणा को बढ़ावा मिला।"

# पेस्ट फिल तकनीक से कोयला खनन करने वाला पहला कोल पीएसयू बनेगा एसईसीएलः सीएमडी

**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोयला खनन में पेस्ट फिल तकनीक का उपयोग करने वाली पहली कोयला कंपनी बनने जा रही है। भूमिगत खनन की इस पर्यावरण-हितैषी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एसईसीएल और टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच 7040 करोड़ की परियोजना के लिए समझौता हुआ है।

एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि इस समझौते के तहत एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत सिंघाली भूमिगत कोयला खदान में पेस्ट फिलिंग तकनीक से बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन किया जाएगा। 25 वर्षों की अवधि में इस परियोजना से अनुमानित 84.5 लाख टन (8.4 मिलियन टन) कोयला उत्पादन किया जाएगा।



- एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की सिंघाली यूजी में उपयोग की जाएगी तकनीक
- एसईसीएल और टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज के बीच 7040 करोड़ की परियोजना के लिए हुआ समझौता

*क्या है पेस्ट फिलिंग तकनीक? : श्री दुहन ने बताया कि पेस्ट फिलिंग एक नवीन भूमिगत खनन तकनीक है, जिसमें खदान से कोयला निकालने के पश्चात उत्पन्न रिक्त स्थान को विशेष पेस्ट से भरा जाता है। यह पेस्ट फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से प्राप्त क्रश्ड ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और आसंजक रसायनों से तैयार किया जाता है। इस तकनीक से खनन उपरांत भूमि के धंसने (सबसिडेंस) का खतरा नहीं रहता। सतह की भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी नहीं पड़ती। इसके अलावा, इस तकनीक में औद्योगिक अपशिष्टों का पुनः उपयोग किया जाता है, जिससे यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है।*

### सिंघाली खदान में नया अवसर

श्री दुहन ने बताया कि सिंघाली अंडरग्राउंड खदान को वर्ष 1989 में 0.24 मिलियन टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता के लिए अनुमोदित किया गया था और इसका संचालन वर्ष 1993 में प्रारंभ हुआ। वर्तमान में इस खदान में लगभग 8.45 मिलियन टन जी-7 ग्रेड की नॉन-कोकिंग कोयले का रिजर्व उपलब्ध है। इस खदान का विकास बोर्ड एंड पिलर पद्धति से किया गया है, जिसमें भूमिगत संचालन के लिए लोड हॉल डंपर्स और यूनिवर्सल ड्रिलिंग मशीनों का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि हालांकि खदान की सतही भूमि घनी आबादी से घिरी हुई है, जहां पर गांव, हाई टेंशन लाइनें, सड़कें आदि स्थित हैं। जिसके कारण पारंपरिक केविंग विधियों का उपयोग सुरक्षा और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से संभव नहीं है। सिंघाली भूमिगत खदान में सतह की भूमि का अधिग्रहण न हो पाने के कारण डिपिलरिंग कार्य आरंभ नहीं हो पा रहा था। अब पेस्ट फिलिंग तकनीक से इस खदान में पुनः खनन कार्य आरंभ किया जा सकेगा।

### एसईसीएल का हरित खनन की ओर कदम

एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक दुहन ने कहा कि इस परियोजना की कुल लागत 7040 करोड़ है। इसका उद्देश्य हरित खनन तकनीकों को बढ़ावा देना है। यह न केवल उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगा। इस अवसर पर एसईसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि पेस्ट फिलिंग तकनीक न केवल खनन के भविष्य को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक स्थायी और नवाचारी समाधान भी प्रस्तुत करेगी। आने वाले वर्षों में इससे खनन उद्योग को नई दिशा मिलेगी।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में हुआ इजाफा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। चार अप्रैल को समाप्त पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 89.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 63.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 79.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार 60 लाख करोड़ डॉलर घटकर 18.36 अरब डॉलर रहा।



- भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677 .83 अरब डॉलर

## कैपिटल इंडिया फाइनेंस एनएसई पर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी कैपिटल इंडिया फाइनेंस लिमिटेड एनएसई पर सूचीबद्ध हो गई है। कंपनी ने बताया कि वह शेयरधारक मूल्य को बढ़ाने और व्यापक निवेशक आधार के लिए पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से एनएसई पर सूचीबद्ध हुई है। एनबीएफसी ने बयान में कहा कि यह 17 अप्रैल, 2025 से प्रभावी रूप से सूचीबद्ध हो गई है। कैपिटल इंडिया फाइनेंस के इक्विटी शेयर वर्तमान में बीएसई में सूचीबद्ध हैं। अब कंपनी सीआईएफएल के तहत एनएसई पर भी कारोबार के लिए उपलब्ध हैं। एनबीएफसी की 72.95 प्रतिशत इक्विटी कैपिटल इंडिया कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड के पास है।

## जीएसटी पंजीकरण करने के लिए सात दिन की समयसीमा तय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि कंपनियां सात दिनों के भीतर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सकती हैं। दूसरी ओर जोखिम भरे कारोबार के लिए आवेदनों को भौतिक सत्यापन के बाद 30 दिनों के भीतर प्रसंस्कृत किया जाएगा। यह पाया गया कि क्षेत्र में काम कर रहे कुछ अधिकारी विभिन्न सवाल उठाकर अनुचित दस्तावेज मांग रहे हैं। इसको देखते हुए सीबीआईसी ने दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी दी है, जो अधिकारी कंपनियों से ऑनलाइन मांग सकते हैं। जीएसटी पंजीकरण करने के लिए सीबीआईसी के संशोधित निर्देश में कहा गया है कि पंजीकरण आवेदन को प्रसंस्कृत करते समय अधिकारियों को इन दस्तावेजों की मूल भौतिक प्रति मांगते हुए सवाल नहीं उठाने चाहिए।

## वार्डविजार्ड ने ई-स्कूटर में 13,000 रुपए की कटौती की




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी वार्डविजार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी ने अपने उत्पादों की कीमतों में 13,000 रुपये तक की कटौती करने की शुक्रवार को जानकारी दी। जॉय ब्रांड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचने वाली कंपनी ने बयान में कहा कि उसने देश भर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपनाने में तेजी लाने के लिए यह कदम उठाया है। गुजरात स्थित वार्डविजार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी के अनुसार, कंपनी ने बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और इलेक्ट्रिक वाहन उपभोक्ताओं के व्यापक आधार को आकर्षित करने के लिए चुनिंदा मॉडल की कीमतों में 13,000 रुपये तक की कटौती की है। संशोधित मूल्य वुल्फ 31एएच, नानू प्ले और वुल्फ इको सहित अन्य मॉडल पर लागू होंगे।

## जनवरी 2024 में सोने का आयात 1.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था

# सोने का आयात मार्च में 192 प्रतिशत बढ़कर 4.47 अरब डॉलर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि से देश का सोना आयात मार्च में 192.13 प्रतिशत बढ़कर 4.47 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में सोने का आयात 1.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।वित्त वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर आयात 27.27 प्रतिशत बढ़कर 58 अरब डॉलर हो गया जबकि 2023-24 में यह 45.54 अरब डॉलर था। आयात में वृद्धि से संकेत मिलता है कि निवेशकों का इस कीमती धातु पर भरोसा मजबूत है, क्योंकि यह एक सुरक्षित परिसंपत्ति है।

- कुल आयात बढ़कर 27 .27 प्रतिशत रहा

**सोने की बैंकों के ओर से बढ़ती मांग :** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोने की ओर परिसंपत्ति का विविधीकरण, बैंकों की ओर से बढ़ती मांग और कीमतों में उछाल इसके अन्य कारण हो सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 17 अप्रैल को सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

*डॉलर कमजोर होने से सोने में तेजी : डॉलर के कमजोर होने, व्यापार युद्ध के बढ़ते तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणाओं के बाद वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर बढ़ती चिंताओं के कारण कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।*

*चांदी का आयात घटकर 85.4 प्रतिशत : चांदी का आयात मार्च में 85.4 प्रतिशत घटकर 11.93 करोड़ डॉलर रह गया। यह 2024-25 में सालाना आधार पर 11.24 प्रतिशत घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया। करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16 प्रतिशत से अधिक) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10 प्रतिशत) का स्थान है।*

### भारत का चालू खाता घाटा बढ़कर 11.5 अरब डॉलर

इस महीने के दौरान रत्न व आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 10.62 प्रतिशत बढ़कर करीब तीन अरब डॉलर हो गया। हालांकि, यह 2023-24 में 32.7 अरब डॉलर से 8.84 प्रतिशत घटकर 2024-25 में 29.82 अरब डॉलर रह गया। भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1 प्रतिशत हो गया।



### मात्रा के लिहाज से आयात घटकर 757 टन

देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी आठ प्रतिशत है। मात्रा के लिहाज से आयात 2024-25 में घटकर 757.15 टन रह गया, जबकि 2023-24 में यह 795.32 टन था। सोने का आयात फरवरी में करीब 62 प्रतिशत घटा था जबकि जनवरी में इसमें 40.8 प्रतिशत और दिसंबर 2024 में 55.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

*देश का व्यापार घाटा बढ़कर 21.54 अरब डॉलर : सोने के आयात में उछाल से देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) मार्च में 21.54 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 282.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है। आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।*

## खबर संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल का लाभ 1.8 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवाएं देने वाली जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में 1.8 प्रतिशत बढ़कर 316.11 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 310.63 करोड़ रुपये था।

### रिजर्व बैंक ने तीन बैंकों पर लगाया जुर्माना



**मुंबई।** आरबीआई ने नियामकीय अनुपालन में कुछ खामियों के लिए कोटक महिंद्रा बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक पर जुर्माना लगाया है। कोटक महिंद्रा बैंक पर बैंक ऋण वितरण के लिए ऋण प्रणाली पर दिशानिर्देश'और ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध'' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 61.4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### इंडोसोलर ने 40 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया




**नई दिल्ली।** इंडोसोलर लिमिटेड ने बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में 40.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। आमदनी बढ़ने से कंपनी अच्छा मुनाफा कमाने में सफल हुई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी को एक साल पहले की समान अवधि में 4.81 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ को जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा है कि जीएसटी आयुक्त (अपील) ने करीब 3.67 करोड़ रुपये की कर मांग को बरकरार रखने का आदेश दिया है। मुंबई में केंद्रीय माल और सेवा कर (सीजीएसटी) अधिकारियों ने दो जुलाई, 2024 को इस संबंध में एक आदेश पारित किया था।

### 13 एंटी-डंपिंग मामलों में अंतिम निष्कर्ष किए जारी




**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने मार्च में 13 डंपिंग रोधी मामलों में अंतिम निष्कर्ष जारी किए हैं, जिनमें से अधिकतर चीन के खिलाफ हैं। डीजीटीआर ने मार्च में 11 जांच भी शुरू की हैं। प्लास्टिक प्रोसेसिंग मशीन, डिजिटल ऑफसेट प्रिंटिंग प्लेट और सजावटी कागज जैसे उत्पादों की डंपिंग के खिलाफ अंतिम निष्कर्ष जारी किए।

### एनएफएल संयुक्त उपक्रम में हिस्सेदारी खरीदेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) असम में यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रस्तावित संयुक्त उद्यम में लगभग 572 करोड़ रुपये में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। उसके निदेशक मंडल ने ''असम के नामरूप में एक नया अमोनिया-यूरिया परिसर नामरूप-4 उर्वरक संयंत्र स्थापित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने हेतु अन्य नामित कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम समझौते में शामिल होने की सहमति दी है।''

### अदाणी पोर्ट, आस्ट्रेलियाई टर्मिनल का करेगी अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी बंदरगाह संचालक अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि. एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए एक समूह से ऑस्ट्रेलिया में कोयला निर्यात टर्मिनल का अधिग्रहण करेगी। यह सौदा बिना नकद के 2.4 अरब डॉलर का है। कंपनी ने कहा, ''अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि. (एपीएसईजेड) के निदेशक मंडल ने 'कार्माइकल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग्स पीटीई लि. से एबॉट पॉइंट पोर्ट होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (एपीपीएच), सिंगापुर के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी।




# 17 साल में 258 मैच : 8,252 रन बनाकर किंग बने कोहली, विकेट लेने में बादशाह हैं चहल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 18 अप्रैल को अपना 18वां जन्मदिन मना रहा है। इस टूर्नामेंट, जिसने क्रिकेट में क्रांति ला दी और खेल के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया। जैसा कि लीग अपने 18वें सीजन में है, विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। सिर्फ एक फ्रेंचाइजी, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करते हुए कोहली ने 258 मैच में आठ शतक और 58 अर्द्धशतक सहित 8,252 रन बनाए हैं।

लीग की शुरुआत कुछ कम नाटकीय नहीं थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्रेंडन मैकुलम ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ सिर्फ 73 गेंद पर दस चौकों और तेरह छक्कों की मदद से अविस्मरणीय 158* रन बनाकर धूम मचा दी थी। उस एक पारी ने क्रिकेट के उत्सव के आगमन की घोषणा कर दी थी।



### दूसरे नंबर पर हैं धवन

कोहली के ठीक पीछे अनुभवी भारतीय ओपनर शिखर धवन हैं, जिन्होंने 222 मैच में 6,769 रन बनाए हैं। कोहली के विपरीत, धवन ने पांच फ्रेंचाइजियों के लिए खेला है। इसमें मुंबई इंडियंस, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स, और पंजाब किंग्स शामिल है।

### रोहित के नाम 6,710 रन

पांच बार आईपीएल जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा 263 मैच में 6,710 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने दो टीमों, डेक्कन चार्जर्स और मुंबई इंडियंस के लिए खेला है और दोनों ही टीमों के साथ ट्रॉफी जीती है, जिससे लीग के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

### चहल के नाम सर्वाधिक विकेट



गेंदबाजी में बात करें तो युजवेंद्र चहल 166 मैच में 211 विकेट लेकर चार्ट में सबसे आगे हैं। उनका आईपीएल सफर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू हुआ, लेकिन वह आरसीबी में ही थे जहां उन्होंने सही मायने में तरक्की की। बाद में, उन्होंने राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया। अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला 192 मैच में 192 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। सूची में तीसरे स्थान पर केकेआर के दिग्गज सुनील नरेन हैं। 2012 में फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद से, नरेन बल्ले और गेंद दोनों से खेल को बदलने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 2012 में केकेआर की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जब उन्होंने 24 विकेट लिए थे और 2014 में, जब उन्होंने 21 विकेट लिए थे।

खास खबर

## वीर और अनहत ने विश्व स्क्वाश के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**कुआलालंपुर।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी और अनहत सिंह ने शुक्रवार को यहां अलग अलग अंदाज में अपने मुकाबले जीतकर विश्व चैंपियनशिप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के मोहम्मद सयाफिक कमाल पर 9-11, 11-6, 11-6, 11-7 से जीत दर्ज की। वहीं महिलाओं के क्वार्टर फाइनल में 17 साल की पांचवीं वरीय अनहत ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-1, 11-7, 11-5 से मात दी। अब वह शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग की हेलेन तांग से भिड़ेंगी जिन्होंने भारत की तन्वी खन्ना को शिकस्त दी। तन्वी 5-11, 6-11, 12-10, 9-11 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। खन्ना ने पिछले मैच में हांगकांग की एन चिंग चेंग को हराया था।

## लय में रोहित, जल्द ही खेलेंगे बड़ी पारी



**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं। रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है। मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा, 'हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे। मुझे उसके तेवर पसंद आए। उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे। वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा।'

## पेगुला, गाफ की स्टटगार्टओपन में शानदार जीत



**स्टटगार्ट।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मेगडालिनी फ्रेच को 6-1, 6-1 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस महीने चार्लेसटन ओपन जीतने वाली पेगुला ने पोलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 59 मिनट में हराया। अमेरिका की पेगुला का सामना अब एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने एला सीडेल को 6-1, 6-1 से हराया। अब वह पांचवीं वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी से खेलेंगी जिन्होंने जूली नीमीर को 6-1, 7-5 से मात दी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| पंजाब | 7 | 5 | 2 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : बारिश के कारण सवा दो घंटे की देरी से शुरू हुआ मैच

# बूंदाबांदी की तरह गिरे विकेट, पंजाब 7 मैचों में 5वीं जीत से बना नंबर-2

रॉयल चैलेंजर्स की घर में लगातार तीसरी हार, टिम डेविड बने प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग के 14 ओवर के मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पांच विकेट से हराया। टिम डेविड के शानदार अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर जीत दर्ज की।

पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 10 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आरसीबी सात मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है। पंजाब के लिए नेहाल वढेरा ने 19 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और इतने ही चौकों की मदद से 33 रन बनाए।

हेजलवुड आरसीबी के सबसे सफल गेंदबाज रहे उन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर कुमार को दो सफलता मिली। बारिश और बूंदाबांदी के कारण मैच सवा दो घंटे की देरी से रात 9:45 बजे शुरू हुआ और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले गेंदबाजी करने में संकोच नहीं किया।



### डेविड 'प्लेयर ऑफ द मैच'

तेजी से रन बनाने के दबाव और पंजाब किंग्स की चतुर गेंदबाजी के आरसीबी की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। विकेटों के पतन के बीच डेविड ने 26 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़ 50 रन बनाए। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए हेजलवुड के साथ 14 गेंद में 32 रन की अटूट साझेदारी की। 'प्लेयर ऑफ द मैच' डेविड ने आखिरी ओवर में हरप्रीत बराड़ के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ टीम के स्कोर को 90 रन के पार पहुंचाया। डेविड के अलावा केवल कप्तान रजत पाटीदार (23 रन) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके।

### चटकाए दो दो विकेट

पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन, युजवेंद्र चहल और हरप्रीत बराड़ ने दो-दो जबकि जेवियर बार्टलेट ने एक विकेट लिया। चहल और यानसेन काफी किफायती रहे। उन्होंने तीन ओवर में के अपने-अपने कोटे में क्रमशः 11 और 10 रन ही दिए।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्टका इंग्लिस बो अर्शदीप | 04 | 04 | 1 | 0 |
| कोहली का यानसेन बो आर्शदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| पाटीदार का बार्टलेट बो चहल | 23 | 18 | 1 | 1 |
| लिविंगस्टोन का आर्य बो बार्टलेट | 04 | 06 | 1 | 0 |
| जितेश का वढेरा बो चहल | 02 | 07 | 0 | 0 |
| क्रुणाल का एवं बो यानसेन | 01 | 02 | 0 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 50 | 26 | 5 | 3 |
| भंडागे पगबाधा यानसेन | 01 | 04 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर का बार्टलेट बो हरप्रीत | 08 | 13 | 1 | 0 |
| यश दयाल पगबाधा हरप्रीत | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जोश हेजलवुड नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 14 ओवर में 95/9
गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-23-2, बार्टलेट 3-0-26-1, यानसेन 3-0-10-2, चहल 3-0-11-2, बराड़ 2-0-25-2.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का डेविड बो हेजलवुड | 16 | 11 | 1 | 1 |
| प्रभसिमरन का डेविड बो भुवनेश्वर | 13 | 09 | 2 | 0 |
| अय्यर का जितेश बो हेजलवुड | 07 | 10 | 0 | 0 |
| इंग्लिस का सुयश बो हेजलवुड | 14 | 17 | 2 | 0 |
| नेहाल वढेरा नाबाद | 33 | 19 | 3 | 3 |
| शशांक का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 01 | 05 | 0 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 07 | 02 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 12.1 ओवर में 98/5
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 3-0-26-2, दयाल 2.1-0-18-0, हेजलवुड 3-0-14-3, क्रुणाल 1-0-10-0, सुयश 3-0-25-0.

### बादशाहत पर दिल्ली और गुजरात की नजर, स्टार्क-सिराज में होगी भिड़ंत

**अहमदाबाद।** डैथ ओवरों में गेंदबाजी का मिचेल स्टार्क का हुनर और मोहम्मद सिराज की सटीकता का सामना होगा जब शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल में श्रेष्ठता के मुकाबले में शनिवार को आमने सामने होंगी। कैपिटल्स छह मैचों में दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि टाइटंस छह मैचों में आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर दिल्ली के हौसले बुलंद है। दिल्ली ने एक बार फिर दबाव में जीत दर्ज की और उसके शिल्पकार रहे स्टार्क।

### रॉयल्स को जाइंट्स के खिलाफ जीत की जरूरत

**जयपुर।** प्रदर्शन में निरंतरता के लिए जूझ रही राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से उतरेगी। सात मैचों में महज दो जीत के बाद रॉयल्स तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में हराया था। रॉयल्स को इस हार को भुलाकर अब ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम पर जीत के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करनी होगी।

## खबर संक्षेप

### कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा : विटोरी



**मुंबई।** अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरुप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हर पिच बल्लेबाजों की मददगार नहीं हो सकती और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया। मुंबई के आफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। विटोरी ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे।'

### श्रियांका 50 मीटर राइफल 3 पोजिशंस से बाहर



**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खे चुकी श्रियांका साडंगी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में आठवें स्थान पर रही। वह विश्व कप व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही लेकिन 45 शॉट के फाइनल में स्टैंडिंग पोजिशन दौर के दस शॉट के बाद बाहर हो गई। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता अमेरिका की सागेन मडालिना ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों के थ्री पोजिशंस फाइनल में भारत का कोई भी निशानेबाज फाइनल में नहीं पहुंच सका।

### सीएसके ने ब्रेविस को टीम में शामिल किया



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में शामिल करने की घोषणा की। दुनिया के सबसे रोमांचक युवा क्रिकेटरों में से एक ब्रेविस ने 2023 में पदार्पण के बाद दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ब्रेविस दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में खेल चुके हैं जिसमें आईपीएल, सीपीएल, एमएलसी और एसए20 शामिल हैं। वह 2025 एसए20 में 184.17 के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में छठे स्थान पर रहे थे।

क्रिकेट

## सहायक कोच के लिए पहली पसंद नहीं थे अभिषेक नायर



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य के साथ अनबन की अटकलों के बीच हटा दिया गया है। उनका कार्यकाल महज आठ महीने में समाप्त हो गया। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि नायर पर भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के कारण यह कार्रवाई हुई है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य ने अभिषेक नायर की ड्रेसिंग रूम में मौजूदगी पर सवाल खड़े किए थे। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, सितांशु कोटक के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने के बाद से नायर को बाहर करने की बात चल रही थी। बीसीसीआई से जुड़े सूत्र ने कहा- ऑस्ट्रेलिया दौरे के ठीक बाद बीसीसीआई ने समीक्षा बैठक की। इसमें सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत बोर्ड के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

साथ ही भारतीय टीम से जुड़े अहम सदस्य और राष्ट्रीय चयनकर्ता भी मौजूद थे। बैठक के दौरान सहयोगी स्टाफ के एक प्रभावशाली सदस्य ने नायर की उपस्थिति को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं और कहा कि ड्रेसिंग रूम में उनका रहना प्रतिकूल साबित हो रहा है। सूत्र ने आगे कहा, बीसीसीआई ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की लेकिन उन्होंने सौराष्ट्र के पूर्व रन-संग्रहकर्ता कोटक को शामिल कर लिया। यह चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नायर को दरकिनार करने का एक तरीका था।

### नायर नहीं थे पहली पसंद

इससे एक चीज साफ है कि अभिषेक नायर बतौर सहायक कोच बीसीसीआई की पहली पसंद नहीं थे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच दूरियां कम करने के लिए नियुक्त किया गया था। हालांकि, अब तक यह नहीं पता चला है कि रोहित शर्मा को नायर और टी दिलीप को हटाने के फैसले की जानकारी दी गई थी या नहीं।

## गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र ने जीता कैलेंस ओपन

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र घई ने कैलेंस ओपन गोल्फ के आखिरी दिन शुक्रवार को यहां इवन-पार 70 के कार्ड खेलकर खिताब अपने नाम किया। इस 29 साल के गोल्फर ने एक करोड़ रुपये वाले इस टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद चार शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने चौथे चरण में पार कार्ड खेलने के बाद कुल 17-अंडर 263 (64-67-62-70) के स्कोर के साथ सप्ताह का समापन किया। उन्होंने कुतुब गोल्फ कोर्स में अंतिम चरण में तीन बर्डी और तीन बोगी लगाई।



यह पीजीटीआई पर 2018 के बाद उनका दूसरा खिताब है। इस जीत से घई को 15 लाख रुपए का चेक मिला जिसने उन्हें पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 53वें से 15वें स्थान पर पहुंचा दिया। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद (67-68-67-62) ने अंतिम दिन सबसे कम आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। वह कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ 10 स्थान की छलांग लगाकर हनी बैसोया (64-68-65-67) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे दौर में 60 के कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड बनाने वाले क्षितित नावेद कौल ने शुक्रवार को 64 का कार्ड खेला जिससे वह 15 अंडर 265 के स्कोर के साथ चौथे पायदान पर रहे।

# भारत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए भेजा 56 सदस्यीय दल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत ने जोर्डन के अम्मान में आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा है। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' दोनों का समर्थन प्राप्त है।

अंडर-17 लड़कों की टीम में साहिल दुहान और देवांश शामिल हैं जिन्होंने 2024 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वहीं टीम में चुने गए टीकम सिंह एसजीएफआई 2024 स्वर्ण पदक विजेता हैं। लड़कियों के वर्ग में समीक्षा सिंह, अंशिका और खुशी चंद 2024 एशियाई स्कूल मुक्केबाजी चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियों की) में पदक विजेताओं में शामिल थीं। अंडर-15 दल में 2024 में एशियाई स्कूल चैंपियनशिप (लड़कों) के कांस्य पदक विजेता रवि सिहाग के साथ-साथ 2024 की सब-जूनियर राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी चैंपियन (64-67 किग्रा) तृष्णा मोहिते शामिल हैं।



टीम का चयन विश्व मुक्केबाजी द्वारा गठित अंतरिम समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ने की। शुरूआती दौर शनिवार को शुरू होंगे।

### तीन सीजन में ही घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा असर

# महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही डब्लूपीएल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए काफी काम किया है। पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर शुरू हुई महिला प्रीमियर लीग निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है।

मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने डब्लूपीएल खिताब अपनी झोली में डाला था जो आरसीबी की कैबिनेट में एकमात्र ट्रॉफी है। महाराष्ट्र के सांगली जिले की इस स्टार क्रिकेटर का कहना है कि अभी तो डब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं लेकिन इसका असर घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, 'अंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिए लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है, सब भारतीय महिला टीम को जानते हैं। बीसीसीआई ने पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है।' मंधाना ने दुबई में 'सिटी क्रिकेट अकादमी' के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, 'पिछले तीन वर्षों में डब्लूपीएल किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। छोटी छोटी लड़कियां भी हमारे पास आ रही हैं और वे क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें।'



### अकादमी शुरू करने की बना रही योजना

मंधाना काफी समय से खुद की अकादमी बनाने पर विचार कर रही थीं लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा नहीं कर पा रही थीं। फिर इस बारे में असम के पूर्व क्रिकेटर और ब्रिटेन में बसे मशहूर कोच डॉन भगवती से भी उनकी बातचीत हुई जिन्होंने लीस्टर में बहुत साल पहले अपनी अकादमी शुरू की थी। अब दुबई के बाद भगवती की योजना भारत में भी इसी तरह की अकादमी शुरू करने की है। अकादमी में युवा प्रतिभाओं को तराशने में डॉन की पत्नी का अनुभव भी काम आता है जो इंग्लैंड की क्रिकेटर रह चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### बच्चे की यात्रा पर बैन से कोर्ट खफा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवाद में एक बच्चे की यात्रा पर प्रतिबंध लगाने संबंधी दुबई की एक अदालत के आदेश की आलोचना की। इसे दमनकारी और मानवाधिकारों का हनन करार दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने बच्चे के पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर नोटिस जारी किया, जो घाना के नागरिक हैं। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में रहते हैं।

### जापानी महिला अधिकारी से छेड़छाड़ मामले में कार्रवाई




**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने यौन शोषण के गंभीर आरोपों के चलते अपने एक सीनियर प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया है। यह घटना कुछ महीनों पहले विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान घटी थी, जिसमें जापानी दूतावास की महिला अधिकारी के साथ छेड़छाड़ हुई थी। पीड़ित महिला ने जापान लौटने के बाद शिकायत दर्ज कराई थी, जो भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय की तरफ से विश्वविद्यालय पहुंची थी।

### श्री हेमकुंट साहिब यात्रा 25 मई से खुलेंगे कपाट



**देहरादून।** उत्तराखंड में सिखों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब के रास्ते को बर्फ से साफ करने और तैयार करने के लिए भारतीय सेना की एक टीम गुरुद्वारा गोविंदघाट पहुंच गई है। यह टीम 19 अप्रैल से सेवा कार्य शुरू करेगी। करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित हेमकुंट साहिब के कपाट 25 मई से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इससे पहले सेना की एक टीम ने इलाके का सर्वेक्षण किया।

### यातायात रडार उपकरण सत्यापन 1 जुलाई से



**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि देशभर में सड़क सुरक्षा और प्रावधानों को और बेहतर तरीके से लागू करने के लिए यातायात रडार उपकरणों के अनिवार्य सत्यापन और मुहर लगाने की आवश्यकता वाले नए नियम एक जुलाई, 2025 से लागू किए जाएंगे। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान, क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं, विनिर्माताओं और वाहन प्रमाणन संगठनों सहित हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद नियमों को अधिसूचित किया है।







# गैंगस्टर हैप्पी को अमेरिका से भारत लाएगी एनआईए, आईएसआई और बीकेआई से हैं उसके संबंध

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/चंडीगढ़

गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पासिया जो पंजाब में कई आतंकवादी हमलों के सिलसिले में वांछित था और उस पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समूह बीकेआई के साथ संबंध रखने का आरोप है। अमेरिकी संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी ने बताया कि अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वाले पासिया उर्फ जोरा को संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) और अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन के प्रवर्तन एवं निष्कासन अभियान के दौरान सैक्रामेंटो में गिरफ्तार किया गया। एफबीआई सैक्रामेंटो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक बयान में कहा, एफबीआई और ईआरओ ने भारत के पंजाब में आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार एक कथित आतंकवादी हरप्रीत सिंह को आज सैक्रामेंटो में गिरफ्तार कर लिया। वह दो अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से जुड़ा है। वह अमेरिका में अवैध रूप से घुसा और पकड़े जाने से बचने के लिए उसने 'बर्नर फोन' का इस्तेमाल किया।

## पंजाब में वांछित आतंकवादी पासिया अमेरिका में गिरफ्तार

### आतंकवादी मॉड्यूल की बनाई योजना

डोजियर के मुताबिक पासिया और रिंदा ने गठजोड़ कर नेटवर्क बनाया था, जिसका उद्देश्य पूरे पंजाब में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देना था। पासिया की पंजाब में प्रमुख व्यक्तियों को निशाना बनाने के उद्देश्य से आतंकवादी मॉड्यूल की योजना बनाने और उसे संचालित करने में भी अहम भूमिका थी। बीकेआई ने 2024 के अंत और 2025 की शुरुआत के बीच पंजाब भर में 16 आतंकवादी हमलों की साजिश रची थी, जिनमें 14 हमले हथगोले से किए गए, एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) हमला और पुलिस प्रतिष्ठानों और अधिकारियों के आवासों को निशाना बनाकर एक रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमला शामिल है।



### अमेरिका में बैठे सहयोगियों ने की मदद

एक अहम घटना में 23 नवंबर, 2024 को अजनाला पुलिस थाना के पास एक आईईडी लगाना और 6 और 7 अप्रैल की रात को गुरदासपुर जिले में किला लाल सिंह पुलिस प्रतिष्ठान पर आरपीजी हमला शामिल था। डोजियर में कहा गया है कि इन हमलों का समन्वय पासिया ने रिंदा के निर्देशन में किया था और इसमें अमेरिका में बैठे उसके अन्य सहयोगियों - गुरदेव सिंह जैसल पहलवान, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवांशहरिया और जर्मनी स्थित स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजिया तथा अन्य स्थानीय लोगों ने मदद की थी।

## राज्यपाल बोले- पीड़ितों की शिकायतें सुनीं और उनकी भावनाओं को समझा

# मालदा पहुंचे राज्यपाल, हिंसा पीड़ितों से मिले, राहत शिविर के बाहर अफरा-तफरी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

*पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस शुक्रवार को मालदा पहुंचे। यहां उन्होंने राहत शिविर में जाकर हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की। राज्यपाल के राहत शिविर में पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। संभवतः हिंसा पीड़ितों की मदद कर रहे स्थानीय लोग राज्यपाल से मिलना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई।*

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा भड़कने के कारण अपना घर-बार छोड़कर पलायन करने वाले पीड़ितों से मिलने के लिए शुक्रवार को पड़ोसी मालदा जिला पहुंचे। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे अपना दौरा टालने का अनुरोध किया था। बोस ने मालदा के लिए ट्रेन में सवार होने से पहले कोलकाता में संवाददाताओं से कहा, मैं (हिंसा प्रभावित) क्षेत्र में जा रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं पीड़ितों से मिलूंगा, हिंसा प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट की पुष्टि करूंगा, अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों का दौरा करूंगा। राज्य पुलिस और केंद्रीय बल साथ मिलकर काम कर रहे हैं तथा स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। दौरे के बाद, मैं अपनी सिफारिशें भेजूंगा। मालदा पहुंचने पर बोस ने कहा, शिविरों में, मैं पीड़ितों की शिकायतें सुनूंगा, उनकी जरूरतें जानने की कोशिश करूंगा और उनका निवारण करने के लिए सक्रियता से कदम उठाऊंगा। राजभवन सूत्रों ने संकेत दिया कि बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद का दौरा कर सकते हैं।

## आज कर सकते हैं मुर्शिदाबाद का दौरा

### वक्फ संशोधन मामले में भड़की थी हिंसा

मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में, वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ 11 और 12 अप्रैल को हुए प्रदर्शनों के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिले के कई निवासी और भी हिंसा होने की आशंका के चलते पड़ोसी मालदा जिला पलायन कर गए थे।दंगा करने और तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता को लेकर अबतक 274 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा प्रभावित इलाकों में अर्द्धसैनिक और पुलिस बल तैनात किए गए हैं।



### ममता ने की थी दौरा टालने की अपील

बता दें कि सीएम ममता ने बुधवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस से अपील की थी कि वे मुर्शिदाबाद जिले का दौरा कुछ समय के लिए टाल दें। सीएम ने कहा था कि मैं राज्यपाल से अपील करूंगी कि वे कुछ और दिनों का इंतजार करें।

### राज्यपाल बोले- पीड़ित परिवारों का छलका दर्द

राज्यपाल बोस ने कहा कि मैंने शिविर में रह रहे परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। मैंने उनसे विस्तृत चर्चा की। मैंने उनकी शिकायतें सुनीं और उनकी भावनाओं को समझा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि वे क्या चाहते हैं, निश्चित रूप से, सक्रिय कार्रवाई की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं ने बताया कि उन्हें धमकाया गया, बदमाश उनके घरों में घुस आए और उनके साथ मारपीट की गई। अपशब्दों का प्रयोग किया गया।

### मानवाधिकार और महिला आयोग की टीम भी पहुंची मालदा

मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद आज राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग की टीमों ने भी मालदा में राहत शिविरों का दौरा किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने मालदा स्थित पर लालपुर हाईस्कूल में बनाए गए राहत शिविर का दौरा किया, जहां सैकड़ों विस्थापित लोग शरण लिए हुए हैं। ये लोग 11-12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज, सूती, धूलियन और जंगीपुर जैसे मुस्लिम-बहुल इलाकों में फैली हिंसा के बाद यहां पहुंचे थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतः संज्ञान लिया है और तीन हफ्तों में विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है। इस हिंसा में अब तक तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 274 से अधिक गिरफ्तारियां हुई हैं।

## एडीजे कोर्ट का फैसला

# किसान के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

गौरेला में किसान की हत्या करने वाले आरोपी को एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पूरा मामला 19 नवंबर 2022 को गौरेला थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव का है, जहां रहने वाला किसान बुधलाल मरकाम पिपरिया गांव के लोहार बहादुर लाल अगरिया पिता महादेवना अगरिया के घर पहुंचा और जैसे ही वह घर में आवाज लगाकर घुसा इतने में ही लोहार बहादुर लाल अगरिया ने धारदार टंगिया और रॉड लेकर किसान पर हमला कर दिया। किसान बुधलाल मरकाम ने भागने की कोशिश की पर मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने डायल 108 और 112 पर फोन लगाया और मामले की जानकारी दी जहां मौके पर पहुंची 108 की टीम ने किसान को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने किसान बुधलाल मरकाम को मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद से हत्यारे लोहार ने अपने आपको घर के कमरे में बंद कर लिया था और आस-पास मौजूद लोगों को देखकर हथियार लेकर अटैक करने की कोशिश करता था। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी लोहार की मानसिक विक्षिप्त स्थिति होने के कारण उसकी पत्नी काफी परेशान रहती थी जो बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी।



### एक हजार रुपए का अर्थदंड

इस मामले में फैसला सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड ज्योति अग्रवाल ने आरोपी बहादुर लाल अगरिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर अभियुक्त को तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

# पीआईएल फर्नेस ब्लास्ट में झुलसे जीएम की उपचार के दौरान मौत

## 12 अप्रैल को हुआ था हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चांपा

स्थानीय प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के महाप्रबंधक अनूप चतुर्वेदी की शुक्रवार 18 अप्रैल को सुबह उपचार के दौरान डीआरडीओ हैदराबाद में मौत हो गई। वे विगत 12 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे हुए फर्नेस ब्लास्ट हादसे में बुरी तरह झुलस गए थे। हादसे में कुल 13 लोग झुलस गए थे जिनमें से 9 का उपचार रायपुर में तथा 3 का उपचार हैदराबाद में चल रहा है।

- नौ का रायपुर व 3 का हैदराबाद में चल रहा उपचार

उल्लेखनीय है कि शनिवार 12 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन ओल्ड फर्नेस में हुए ब्लास्ट के कारण कुल 13 लोग बुरी तरह झुलस गये थे । इनमें प्लांट के महाप्रबंधक अनूप चतुर्वेदी (53 वर्ष) भी शामिल थे। इनके सहित अन्य 3 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयर एंबुलेंस से डीआरडीओ हैदराबाद भेजा गया था। इनमें से प्लांट के महाप्रबंधक अनूप चतुर्वेदी (53 वर्ष) ने शुक्रवार 18 अप्रैल को सुबह 7 बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### कारखाना प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज

अब तक मामले में पुलिस ने औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निरीक्षक राहुल पटेल की रिपोर्ट पर कारखाना प्रबंधक उदय सिंह एवं अधिभोगी संजय जैन सहित अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 287,289 और (3),5 के तहत जुर्म दर्ज किया है। आज हादसे में मृत जीएम अनूप चतुर्वेदी प्लांट के कार्यपालिक निदेशक ए.के. चतुर्वेदी के चचेरे भाई बताये जाते है।

# बैंक के 29 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के 29 कर्मचारीयों की सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने माना है कि सेवा समाप्ति से पहले ना तो नियमों का पालन किया गया और ना ही सुनवाई का मौका दिया गया। इसमें समिति प्रबंधक से लेकर दूसरे स्टाफ शामिल हैं। हाईकोर्ट ने माना कि जांच रिपोर्ट बर्खास्तगी का आधार नहीं बन सकती। सेवा समाप्ति की पूरी प्रक्रिया आयुक्त राजस्व द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जबकि आयुक्त राजस्व को जांच शुरू करने का कोई अधिकार ही नहीं है। समिति प्रबंधक पंकज कुमार तिवारी, मोहम्मद इमरान खान, चंदन प्रताप सिंह, सीमा देवांगन, चंचल कुमार दुबे, चंद्रशेखर कुर्रे, लेखा कश्यप, भूपेंद्र राठौर, नरेंद्र कुमार मिश्रा, अमित पटेल व अन्य लोगों ने यह याचिका अपनी सेवा समाप्ति के खिलाफ लगाई थी।



### राज्य सहकारी अधिकरण से खारिज

याचिकाकर्ता पंकज कुमार तिवारी की ओर से अन्य ने समिति प्रबंधक के पद पर आवेदन किया। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनकी नियुक्ति संस्था प्रबंधक के पद पर 14 फरवरी 2015 को हुई, जिसके आधार पर 13 मार्च 2015 को अपना कार्यभार ग्रहण किया। बाद में सहकारी बैंक की समस्त भर्ती प्रक्रिया में शिकायत होने पर जांच समिति गठित की गई।

# 7 बच्चों की मां ने कुंवारी बताकर प्रेम में फंसाया, फिर मारने की कोशिश

**मेरठ।** मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र से एक अजीबो-गरीब प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। फतलहपुर निवासी साहिल नाम के युवक ने आरोप लगाया है कि एक महिला ने खुद को कुंवारी बताकर उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। अब जब उसने उससे दूरी बनानी चाही तो महिला ने उसे जहर देकर मारने की कोशिश की। साहिल का कहना है कि करीब दो साल पहले उसके पास एक कॉल आई थी। फोन करने वाली महिला ने खुद को नाजरीन बताया और मेरठ के सरधना की रहने वाली बताया। दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला बढ़ता गया और रिश्ता बन गया। महिला ने खुद को कुंवारी बताया था, लेकिन बाद में साहिल को पता चला कि वह शादीशुदा है और उसके सात बच्चे हैं। महिला का पति भी है।




पश्चिम-बंगाल में हुई हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत की सख्त प्रतिक्रिया

# अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर भारत की चिंताओं से समानता करना 'बांग्लादेश का ढोंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लंबी चर्चा के बाद संसद से पारित और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद देश में क्रियान्वित किए गए वक्फ संशोधन कानून-2025 को लेकर पश्चिम-बंगाल के मुर्शिदाबाद में मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम-बंगाल की घटनाओं को लेकर बांग्लादेश द्वारा की गई टिप्पणी को हम अस्वीकार करते हैं। अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं से समानता करना पड़ोसी देश एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है।

### बांग्लादेश में भी वक्फ बोर्ड की मौजूदगी



### ये है बांग्लादेश की गलत टिप्पणी

अप्रैल की शुरुआत में पश्चिम-बंगाल के मुर्शिदाबाद समेत कुछ अन्य जगहों पर वक्फ कानून को लेकर जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच हिंसा हुई थी। जिसमें बांग्लादेश की भूमिका का तथ्य भी सामने आया था। इसके बाद बांग्लादेश के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा था कि हम भारत से पश्चिम-बंगाल में रहने वाली सारी मुस्लिम आबादी की सुरक्षा के लिए तमाम जरूरी कदम उठाने की अपील करते हैं।

### सत्ता परिवर्तन के बाद बिगड़े संबंध

गौरतलब है कि बांग्लादेश में पिछले साल 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और उसके बाद उनके भारत पहुंचने के साथ ही दोनों देशों के संबंध बुरी तरह से खराब हुए हैं। इसमें आग में घी डालने का काम ढाका की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सत्ता संभालने के बाद हुआ है। बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों पर हिंसा और अत्याचार के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com